आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 118 | उज्जैन, गुरुवार 14 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सोनिया गांधी को गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को बुधवार 13 मई को गुरुग्राम स्थित मेदांता में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, उन्हें एक छोटी सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, सर्जरी से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इससे पहले मार्च 2026 में भी तबीयत बिगड़ने के बाद सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उस समय चिकित्सक अरूप बसु की निगरानी में उनका उपचार चला था। बताया गया था कि उन्हें फेफड़ों से जुड़ी समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। राजनीतिक दृष्टि से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि सोनिया गांधी इस समय केरल में सरकार गठन को लेकर अहम भूमिका निभा रही हैं।

### भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल, 45 दिन का एलपीजी स्टॉक

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल, 60 दिन की एलएनजी और 45 दिन की एलपीजी का स्टॉक है। सप्लाई के मामले में कोई दिक्कत नहीं है। हरदीप पुरी ने दिल्ली में आयोजित सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में पीएम की बचत की अपील का भी जिक्र किया। पुरी ने कहा कि पीएम ने दो दिन पहले जो बातें कही हैं। उसको लेकर अफरा-तफरी मचाना बेकार है। पीएम की बातों को ध्यान से सुनें। उसका मनगढ़ंत मतलब न निकालें। दरअसल पीएम मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।

### मंदाना करीमी ने 16 साल बाद भारत छोड़ा



**बोलीं- अब यहां घर जैसा नहीं लगता पहले कहा था इंडिया ने मुझे धोखा दिया**

**मुंबई।** 'बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने आखिरकार भारत छोड़ दिया है। 16 साल तक हिंदुस्तान में रहने के बाद उन्होंने एक इमोशनल वीडियो शेयर कर देश को अलविदा कहा। मंदाना ने भारत को अपना 'दूसरा घर' बताया था, लेकिन पिछले कुछ समय से वे अपनी सुरक्षा और बेबाक बयानी की वजह से लगातार विवादों और सुर्खियों में बनी हुई थीं। एयरपोर्ट से शेयर किया इमोशनल वीडियो मंदाना ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान फैंस को यह खबर दी। एक फैन ने उनसे पूछा था कि क्या उन्होंने मुंबई हमेशा के लिए छोड़ दिया है? इसके जवाब में मंदाना ने एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत। यह मुश्किल होने वाला है। लगभग 16 साल यहां बिताने के बाद मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं। अब एक नई शुरूआत की ओर बढ़ रही हूं, नया देश, नया घर, सब कुछ नया। पहले कहा था भारत ने मुझे धोखा दिया एक्ट्रेस ने भारत छोड़ने की मुख्य वजह अपनी सुरक्षा को बताया है। इससे पहले बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वे ईरान भी वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि वहां उन पर 10 साल पहले ही बैन लगा दिया गया था। मंदाना करीमी पिछले दिनों तब चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जताई थी।

### प्लोर टेस्ट में सीएम थलापति की जीत 144 विधायकों ने दिया विश्वास मत

**चेन्नई।** थलपति विजय अभी के लिए सुरक्षित हो गए हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय को बुधवार 13 मई को सदन में विश्वास मत मिल गया है। सदन में मौजूद 144 विधायकों ने विजय के समर्थन में वोट डाले, वहीं 22 विधायकों ने उनके खिलाफ मत डाला है। हालांकि 5 विधायकों ने कोई पक्ष नहीं रखा है। डीएमके पार्टी नेता उदयनिधि स्टालिन ने बुधवार सुबह ऐलान कर दिया था कि उनकी पार्टी इस फ्लोर टेस्ट में शामिल नहीं होगी। सदन में कुछ ऐसा हुआ भी कि डीएमके के 59 विधायक सदन से बाहर चले गए जिससे विजय की जीत की राह आसान हो गई।

### जून से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरूआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं। इसके अलावा, एयर इंडिया ने सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे गंतव्यों के लिए भी उड़ानें कम कर दी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुल मिलाकर एयरलाइन ने प्रतिदिन करीब 100 उड़ानों को कम कर दिया है। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पिछले सप्ताह कहा था कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती जारी रखेगी।

---

नीट मामला, सुप्रीम कोर्ट में याचिका- एनटीए से भरोसा उठाः कोर्ट रीएग्जाम कराए

## सीबीआई ने महाराष्ट्र से 2 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की।

एफएआईएमए ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली से अब भरोसा उठ चुका है। इसलिए मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुर्नगठन किया जाना चाहिए।




सीबीआई ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय को हिरासत में लिया। धनंजय पर शुभम को पेपर देने का आरोप है। मुंबई कोर्ट ने सीबीआई को शुभम (फर्स्ट ईयर) 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। वहीं, राजस्थान पुलिस ने गुरुग्राम से बीएएमएस फर्स्ट ईयर के छात्र को पकड़ा। दरअसल, एनटीए ने 12 मई को पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी थी। एनटीए ने माना कि गड़बड़ी हुई है। एग्जाम 3 मई को हुआ था, जिसमें 22.79 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

**एनटीए डीजी अभिषेक सिंह ने गड़बड़ी मानी**

- एनटीए डीजी अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस गड़बड़ी के लिए हम जिम्मेदार हैं। परीक्षा दोबारा कराई जाएगी। 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा।
- केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। एजेंसी ने मामले में एफआईआर दर्ज की। एनटीए ने बताया कि भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया।
- वहीं, दिल्ली में मीडिया ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस मामले में सवाल पूछा तो वे बिना कुछ बोले निकल गए थे।
- यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में 89 पेपर लीक हुए हैं और 48 बार दोबारा परीक्षाएं हुईं। इस नाकामी की जिम्मेदार बीजेपी सरकार है।

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जारी, 85.20 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सीबीएसई यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। कुल 85.20% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। यह पिछले साल से 3% कम है। कुल 94,028 छात्रों ने 90% से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। वहीं, 17,113 बच्चों ने 95% से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। इस बार 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक 12वीं के एग्जाम हुए थे। कॉपियां ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के तहत चेक की गईं। छात्रों के लिए स्कूल से ओरिजिनल मार्कशीट लेना जरूरी है।

---

प्रधानमंत्री मोदी की फ्यूल बचाने की अपील का असर

## शाह और नड्डा ने काफिला आधा किया

### यूपी में नेताओं को बस-मेट्रो से सफर के निर्देश, एमपी में जज साइकिल से कोर्ट गए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने की अपील के बाद गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या आधी कर दी है।

पीएम ने काफिलों में इलेक्ट्रिक गाड़ियां शामिल करने और गैरजरूरी वाहनों को हटाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को उनके काफिले में 2 गाड़ियां नजर आईं। गुजरात और असम दौरे में भी उनका काफिला छोटा रहा था।

दिल्ली में मंत्री आशीष सूद मेट्रो और फिर ई-रिक्शा से कार्यक्रम में पहुंचे। मध्य प्रदेश में जस्टिस डीडी बंसल साइकिल से हाई कोर्ट पहुंचे, जबकि सीएम मोहन यादव ने काफिला छोटा किया। उत्तर प्रदेश में सांसद-विधायकों को एक दिन बस-मेट्रो से सफर करने के निर्देश दिए गए हैं। कॉर्पोरेट ऑफिसों में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम होगा। महाराष्ट्र में मंत्री आशीष शेलार ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की यात्रा टाल दी।



मंत्री आशीष सूद



जस्टिस डीडी बंसल

## डॉलर के मुकाबले रुपया ऑल टाइम लो पर आया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रुपया 13 मई को डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिरकर 95.75 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले मंगलवार को भी रुपया 95.50 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है। साल 2026 की शुरूआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। रुपए में गिरावट की बड़ी वजह अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल महंगा होना है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प 8 साल बाद चीन के दौरे पर पहुंचे



एजेंसी ▸▸ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार को 8 साल बाद चीन के दौरे पर पहुंचे। उनका विमान बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया, जहां चीनी उपराष्ट्रपति हान जेंग ने उन्हें रिसीव किया। हान झेंग को शी जिनपिंग का भरोसेमंद माना जाता है और वे पिछले साल ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे। ट्रम्प के एयर फोर्स वन से उतरते समय करीब 300 बच्चे नीले और सफेद रंग की यूनिफॉर्म में एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ये अमेरिका और चीन के झंडे लहरा रहे थे। ट्रम्प के साथ उनके बेटे एरिक ट्रम्प और बहू लारा ट्रम्प भी मौजूद थे।

---

महाराष्ट्र के सांगली में दुखद घटना

## तूफानी हवाओं के कारण दीवार गिरने से 6 भक्तों की मौत

एजेंसी ▸▸ सांगली

महाराष्ट्र के सांगली जिले से एक चौंकाने वाली घटना हुई है जिसमें तूफानी हवाओं के कारण पत्थर और ईटों से बनी दीवार गिरने से छह श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह दुखद घटना सांगली जिले के जाट तालुका के मोटेवाड़ी में हुई। मोटेवाड़ी में देवी मुर्गुबाई को समर्पित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त इकट्ठा हुए थे। मंगलवार की देर शाम करीब 5 बजे तेज तूफानी हवा के साथ बारिश होने लगी। इसलिए मौके पर मौजूद भक्तों ने पास की एक कंस्ट्रक्शन साइट पर पनाह ली। उसी समय तेज हवा की वजह से एक बड़ा नालीदार मेटल का शेड टूटकर सीधे पत्थर और ईट की दीवार पर गिर गया। इस वजह से दीवार ढह गई और इसके नीचे पनाह लिए भक्त दब गए। इससे छह लोगों की तुरंत मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा साइट पर किए गए कंस्ट्रक्शन के काम की घटिया क्वालिटी की वजह से हुआ।

## बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री पार

### बिहार-महाराष्ट्र में आंधी-बिजली से 11 मौतें

एजेंसी ▸▸ जयपुर

देशभर में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। राजस्थान में मंगलवार को चार जिलों में 45 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा। बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 48.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। फलोदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच रहा।

उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ धूलभरी आंधी चली। मेरठ में तेज बारिश हुई। आज राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट है।

मध्य प्रदेश के रतलाम में तापमान 46.5 डिग्री पर पहुंच गया।



निवाड़ी के बीजौर में तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे। हरियाणा के पिनगवा में भी ओले गिरे। पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और गुरुग्राम में तेज बारिश हुई। बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी के कारण एक मंदिर की दीवार गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, केरल के मलप्पुरम में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई।

फेफड़े में खून का थक्का जमने से कार्डिएक अरेस्ट आया

## अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। प्रतीक का शव घर लाया गया है। अंतिम संस्कार कल, गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12.30 बजे पिपरा घाट पर होगा। इस बीच, प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव भी असम से लखनऊ लौट आई हैं। वो एयरपोर्ट से सीधे अपने घर पहुंचीं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं। सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे।

इससे पहले, अखिलेश यादव भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। छोटे भाई का शव देखा। प्रतीक के ड्राइवर को बुलाकर अंदर बातचीत की। बाहर आकर कहा- यह दुखद है कि वे आज हमारे बीच नहीं हैं। परिवार के लोग जो कहेंगे, हम मानेंगे।





---

## किश्तवाड़ में आतंकी को पनाह देने वाले शिक्षक सहित उसके दो साथी गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने सरकारी स्कूल के एक शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पनाह, खाना और दूसरी मदद देने का आरोप है। गिरफ्तार शिक्षक की पहचान मशकूर अहमद के रूप में हुई है। वह इंदरवाल के एक सरकारी स्कूल में तैनात है। उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, वह चटरू इलाके में आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। यह मामला 4 फरवरी 2026 को डिच्छर-चटरू में हुए एनकाउंटर से जुड़ा है, जिसमें आतंकी आदिल मारा गया था। इधर, पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में एलओसी पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी आतंकी को भारतीय सेना ने मार गिराया। उसके पास से आईईडी से जुड़ा सामान बरामद किया गया है। एक आतंकी को गोली लगी है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, मशकूर अहमद जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर सैफुल्लाह के संपर्क में था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी के घर से सैफुल्लाह की एक तस्वीर मिली, जिसमें उसे नोटों की माला पहनाई गई थी। जांच एजेंसियां इसे आतंकी संगठन से करीबी संबंध के तौर पर देख रही हैं।



## एक ही गमछे में बंधे मिले पिता और दो बच्चों के शव

एजेंसी ▸▸ बालाघाट

प्रदेश के बालाघाट के कटंगी थाना क्षेत्र के जरामोहगांव में बुधवार 13 मई को एक पिता और उसके दो बच्चों के शव कुएं में मिले। दोनों बच्चों के शव पिता के शरीर से गमछे में बंधे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जरामोहगांव निवासी श्याम नागेन्द्र पुत्र भागवत एलआईसी एजेंट था। मृतकों में उसका बेटा वंश (5) और बेटी भूरी (3) भी शामिल हैं।

## मणिपुर में 3 नेताओं की गोली मारकर हत्या

### वारदात के बाद दहशत-तनाव, गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 बंद किया

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई वहीं 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमला हथियारबंद अज्ञात लोगों ने घात लगाकर किया। हमले के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी बहुल इलाकों में तनाव फैल गया।

वारदात से गुस्साए लोगों ने पत्थर लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 बंद कर दिया गया। एनएच-2 मणिपुर को नगालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अहम मार्ग है। मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन के पूर्व महासचिव रेव वी. सितल्होउ शामिल हैं। अन्य दो मृतकों की पहचान रेव वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों का इलाज जारी है। मणिपुर में चर्च नेता आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली के लिए बातचीत, राहत कार्यों और आदिवासी ईसाई एकता की रक्षा करने में सक्रिय हैं।





महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मौतों पर जागने का सवाल

हमारे आसपास हर दिन कोई न कोई घटना-दुर्घटना हो रही है। इनमें कई लोग असमय कालकवलित हो रहे हैं उनके अंगभंग हो रहे है। घटना-दुर्घटना के बाद स्थल पर कई सवाल नियम-कानून एवं वैधानिकता के उठते रहे हैं। ये कोई आज की बात नहीं है। दशकों पूर्व या यूं कहें की हम इस मसले से आजाद नहीं हो सके हैं। मानसिक गुलामी का ये घटना-दुर्घटना भी एक प्रतीक बनते जा रहे हैं। हाल ही में धार जिले में माल वाहक वाहन में मजदूरों को ढोने के दौरान दुर्घटना हुई और डेढ़ दर्जन ने जान से हाथ धोया। इसके ठीक दूसरे दिन बरगी कांड हुआ। यही नहीं मंगलवार को पचोर के एक पेट्रोल पंप पर भी कई लोग झुलस गए। इन सभी मामलों में प्रारंभिक स्तर पर ही एक बात सामने आ रही है कि नियमों का पालन न किया जा रहा था न ही जिम्मेदार करवाने के लिए सजग थे। हर बार ऐसे हादसे होते हैं कुछ समय तक मामला देश के प्रति नैतिकता रखने वाला प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ उठाता है कुछ दिनों तक मामले की तह तक जाया जाता है फिर भूलभूलैया की स्थितियों में खो जाया जाता है। एक समय था जब ऐसे मामलों में नैतिकता के नाते बहुत कुछ हुआ करता था। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अपना पद छोड देते थे लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं होता है। सिरे से उसे एक दुर्घटना मान लिया जाता है। मुआवजा देकर पूरे मामले पर ठंडा पानी झिडक दिया जाता है और फिर वहीं नियमों को ताक में रखकर दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने वाले कार्य संपादित संचालित होते हैं। जांचें होती है और ऐसे मामलों के होने पर होती रहेंगी। उज्जैन में ही 1997 से लेकर अब तक धर्म स्थल पर ही 4-5 मामले ऐसे हो चुके हैं। अब भी नियमों का पालन करते हुए उस पर अमल की स्थिति पूरी तरह से लागू नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि ऐसे मामलों में दुर्घटना या घटना के पूर्व से नियम एवं विधान का पालन करने और करवाने के लिए जिम्मेदार क्या करते रहते हैं। जब सब कुछ हो चुका होता है उसके बाद उस मामले में माथा पच्ची करना कोई महत्व नहीं रखता है। इसे सनातन संस्कार में मसानिया संकल्प के नाम से जाना जाता है। क्या हम ऐसे समाज की उम्मीद कर सकते हैं जहां सब कुछ विधान एवं नियमों के साथ संचालित हो और जिम्मेदार उसका पालन करने और करवाने के लिए प्रतिबद्ध हों। स्वीमिंग पूल में बच्चा डूब जाता है मालूम होता है लाईफ गार्ड ही नहीं था प्रशिक्षक नदारद था। कोई जिम्मेदार नहीं था। सीसी टीवी केमरा बंद था। किसी ने देखा नहीं। आधुनिकता को अंगीकार कर रहे समाज में अब इन बातों की जगह नहीं रखी जाना चाहिए। जिम्मेदारों से पूरी गंभीरता से जवाब लिए जाना चाहिए और ऐसे मामलों में जब तक सख्ती नहीं होगी और जिम्मेदारों को सीधे तौर पर दंड का भागीदार नहीं बनाया जाएगा तब तक ऐसा ही चलता रहेगा।




न्यूज कॉलम

### श्रीनाथजी की हवेली में 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव 17 मई से

**उज्जैन।** शहर के ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में 17 मई से 15 जून 2026 तक 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः और संध्याकाल में ठाकुरजी के विविध मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन नि.ली.गो. विट्ठलेशराय महाराजश्री की बहूजी गो. श्री रुकमणी बहूजी महाराज की आज्ञा से संपन्न होगा। पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय में अधिक मास का विशेष माहात्म्य है। श्री महाप्रभुजी बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 365 दिन 6 घंटे में पूर्ण करती है, जबकि चंद्रमा आधारित कालचक्र 355 दिन का होता है। इस खगोलीय स्थिति के कारण हर ढाई से तीन वर्ष में लगभग 30 दिनों का एक माह अतिरिक्त हो जाता है, जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। हिंदू कैलेंडर में इस अधिक मास की कोई निश्चित स्थिति नहीं होती है; यह कभी सावन, कभी वैशाख, कभी भादवा तो कभी आषाढ़ में आता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, स्वयं श्री प्रभु ने इस अधिमास को अंगीकार किया है और इसके माहात्म्य व नियम कई शास्त्रों एवं ग्रंथों में वर्णित हैं। इस अलौकिक मास में विवाह और उपनयन संस्कार जैसे सांसारिक शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं, लेकिन पुष्टिमार्गीय संप्रदाय में यह समय प्रभु की विशेष आराधना के लिए समर्पित है। जगतगुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी की पूर्ण कृपा से इस मास में ठाकुरजी के तनसुख का विचार करते हुए पूरे वर्षभर आयोजित होने वाले उत्सव, मनोरथ और सत्संग आदि का भव्य आयोजन (राग-भोग और श्रृंगार आधारित) पुष्टिमार्गीय सभी हवेलियों में होता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रीनाथजी की हवेली में लगातार 30 दिनों तक मनोरथ उत्सव आयोजित होंगे।

### नल खोलने पर घरों की छतों पर लगी टंकियों से उबलता पानी आ रहा

# न्यूनतम पारा 31 और अधिकतम 46 होने को बेकरार

## बुधवार को तापमान 44.7 डिग्री पर पहुंचा, न्यूनतम पहुंचा 26.8 पर


दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मई के तीसरे सप्ताह में सूरज आग उगलने की स्थिति में आ गया है। अधिकतम तापमान बुधवार को 44.7 डिग्री दर्ज किया गया है जो कि इस वर्ष का सबसे अधिक है। सूरज के रूख की स्थिति से तापमान 46 डिग्री होने को बेकरार देखा जा रहा है। इसी प्रकार से न्यूनतम तापमान भी 26.8 डिग्री पर पहुंच चुका है जो कि 31 डिग्री होने को बेकरार देखा जा रहा है। तापमान के बढ़ने से आमजन हलाकान है। सामान्य जनजीवन प्रभावित देखा जा रहा है।

राजस्थान की रेत से होते हुए आ रही गर्म हवाओं ने मालवा को अपनी चपेट में ले रखा है। इसके चलते तापमान बराबर बढ़ने की ओर है। बुधवार को एक दिन पूर्व की अपेक्षा तापमान 44 डिग्री पार ही दर्ज किया गया। हालात ऐसे बने हुए हैं कि सुबह से ही गर्मी की स्थिति आमजन को हलाकान किए रहती है। घरों की छतों पर लगी पानी की टंकियों से सुबह से ही गर्म पानी रहवासियों को मिलने लगता है। ऐसे में आमजन की दिनचर्या ही प्रभावित हो रही है। मानव ही नहीं पशु-पक्षी एवं अन्य जीव भी गर्मी के दौर में पूरी तरह से ठंडक वाले स्थानों पर दुबक रहे हैं। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। सुबह शाम ही आमजन अपने कार्यों के लिए घरों से निकल रहे हैं। दोपहर में ठंडक के लिए लगे कुलर एवं पंखे भी पूरी तरह से अपनी भूमिका निभाने में असमर्थ देखे जा रहे हैं।

### ये हैं हीट रैशेज के लक्षण

छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता।




### 16 साल में तापमान का हिसाब

| दिनांक | न्यूनतम | दिनांक | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| 24.5.2010 | 30.8 | 21.5.2010 | 46.0 |
| 17.5.2011 | 27.0 | 18.5.2011 | 44.0 |
| 27.5.2012 | 29.0 | 25.5.2012 | 43.5 |
| 31.5.2013 | 28.4 | 19.5.2013 | 44.8 |
| 30.5.2014 | 27.0 | 29.5.2014 | 44.5 |
| 29.5.2015 | 28.5 | 18.5.2015 | 45.0 |
| 20.5.2016 | 28.0 | 19.5.2016 | 45.5 |
| 17.5.2017 | 28.9 | 14.5.2017 | 43.0 |
| 29.5.2018 | 30.0 | 27.5.2018 | 44.5 |
| 31.5.2019 | 29.5 | 29.5.2019 | 44.0 |
| 22.5.2020 | 28.5 | 21.5.2020 | 42.6 |
| 16.5.2021 | 29.5 | 16.5.2021 | 41.5 |
| 16.5.2022 | 28.5 | 12.5.2022 | 44.5 |
| 16.5.2023 | 27.4 | 11.5.2023 | 42.2 |
| 24.5.2024 | 30.0 | 23.5.2024 | 45.0 |
| 26.5.2025 | 27.0 | 01.5.2025 | 43.4 |
| 13.5.2026 | 26.8 | 13.5.2026 | 44.7 |

नोट - आंकडे डिग्री सेटीग्रेड में हैं।
स्त्रोत-शा.जीवाजी वेधशाला,उज्जैन

### इस उपाय से बचें डिहाईड्रेशन से

अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत मिलें तो किसी छाया वाले और शांत जगह पर आराम करें। इलेक्ट्रॉल/ओ.आर एस/फलों का रस आदि पेय पदार्थों का निरंतर सेवन करते रहे। कार्बोनेटेड और कैफीन युक्त पेय से बचें।

### उमस से बूरे हाल

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बुधवार को सुबह आर्द्रता यानिकी उमस 38 प्रतिशत के साथ न्यूनतम तापमान 26.8 एवं शाम को उमस 22 प्रतिशत के साथ अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। हवाओं की गति सुबह 2 एवं शाम को 4 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है।

### अधिकतम 16 साल पहले 46 हुआ था

वर्ष 2010 में गर्मी ने अपने पुराने रिकार्ड को ध्वस्त किया था। इस वर्ष शहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 16 वर्ष में इसके बाद ऐसा मौका वापस नहीं आया। उसके उपरांत मई माह में सिंहस्थ वर्ष 2016 में 45.5 डिग्री तक पहुंचा था। शेष वर्षों में तापमान इससे कम ही दर्ज किया गया है। इसी प्रकार से न्यूनतम तापमान भी 16 साल में सबसे अधिक वर्ष 2010 में 30.8 डिग्री पर पहुंचा था। उसके बाद पिछले 16 सालों में तापमान इस आंकडे की हद में ही दर्ज नहीं किया गया है।

### ऐसे करें शरीर का तापमान नियंत्रित

ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें। इससे संक्रमण की संभावना कम होती है। गर्मी में घर से बाहर निकलते वक्त छाते का प्रयोग अवश्य करें। घर से बाहर पानी या ठंडा शरबत पी कर ही निकले, जैसे आम पन्ना और शिकंजी ज्यादा फायदेमंद है। घर से बाहर जाते समय पीने का पानी साथ में लेकर जाए। अगर तेज धूप में थे तो एकदम से ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

अत्यधिक तापमान की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए सलाह जारी की है। सीएमएचओ डा.अशोक पटेल के अनुसार वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दूष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा सकें।

### डिहाईड्रेशन का शिकार होने से बचें

गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्त है या ज्यादा शरीरिक कार्य करता है और यदि काफी समय से पानी नहीं पीया जाए इससे गर्मी में डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शरीर को निर्जलीकरण से बचने के लिए नियमित रूप से थोड़े-थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है, अगर किसी का गला बार बार सूख रहा है तो ये संकेत है कि उसका शरीर में पर्याप्त पानी नहीं है। यदि किसी दिन बहुत ज्यादा गर्मी है उस दिन ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। निर्जलीकरण, ज्यादा पसीना आ जाना, कमजोर या थका हुआ महसूस करना, शरीर का तापमान बढ़ना, त्वचा का रंग पीला पड़ना या चेहरा पीला पढ़ना, मितली/उल्टी जैसा महसूस करना, बेहोशी आना।

### लू से किडनी काम करना बंद कर सकती है

हीट स्ट्रोक (सन स्ट्रोक) शरीर की वह अवस्था है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस (104.0 डिग्री फारेनहाइट) के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये, छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है और लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली के कारण शरीर बहुत लाल हो जाती है। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है जिसके कारण इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है।

### नानाखेड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमराई : पाइप लाइन डालने के लिए खोदा रास्ता

# सी-21 मॉल के समीप मित्र नगर वाला एकमात्र वैकल्पिक मार्ग भी बंद

## लोग ढलान वाली पगडंडी से निकलने को मजबूर, दिनभर लग रहा लंबा जाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। कई क्षेत्रों में सड़कें खुदी होने से लोगों को घर से बाहर निकलने से पहले भी कई बार सोचना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल इन दिनों नानाखेड़ा क्षेत्र के सी-21 मॉल के आसपास देखने को मिल रहा है, जहां मित्र नगर वाला एकमात्र वैकल्पिक मार्ग भी बंद कर दिया गया है। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पाइप डालने के लिए मार्ग बंद

जानकारी के अनुसार नानाखेड़ा सी-21 मॉल से बड़नगर बाईपास की ओर जाने के लिए मित्र नगर वाला मार्ग ही एकमात्र वैकल्पिक रास्ता बचा था। लेकिन सी-21 मॉल के समीप पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी गई, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया।

इस कारण मित्र नगर की ओर से आने वाले लोग जब सी-21 मॉल के पास पहुंचते हैं तो उन्हें रास्ता बंद मिलता है और वापस लौटने या निकलने के लिए कोई उचित वैकल्पिक मार्ग नहीं मिल पाता।



### पूरे दिन लग रहा लंबा जाम

मार्ग बंद होने से पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। वाहन चालक आपस में फंस रहे हैं और जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए रास्ता बंद करने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने पहले से कोई डायवर्जन प्लान तैयार नहीं किया, जिसके कारण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है।

### पगडंडी से निकलने को मजबूर लोग

रास्ता बंद होने के कारण लोग अब सी-21 मॉल परिसर के समीप बनी ढलान वाली पगडंडी से वाहन निकालने को मजबूर हैं। यह रास्ता काफी संकरा और असुरक्षित है। कई वाहन चालक यहां संतुलन खोकर गिर भी रहे हैं, जबकि कुछ वाहन बीच रास्ते में फंस जा रहे हैं। इससे मौके पर अफरा-तफरी और विवाद की स्थिति भी बन रही है।

### निर्माण कार्यों से क्षेत्र के सभी मार्ग प्रभावित

नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। वहीं महामृत्युंजय द्वार से शांति पैलेस चौराहे तक पुल निर्माण और सिक्स लेन सड़क का काम भी जारी है। इन निर्माण कार्यों के चलते क्षेत्र के अधिकांश मार्ग पहले से ही खुदे हुए हैं। ऐसे में मित्र नगर वाला रास्ता यातायात के लिए महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग बन गया था, लेकिन अब उसके बंद होने से लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं।

### बैरिकेडिंग से बढ़ा विवाद

स्थानीय लोगों के अनुसार सी-21 मॉल परिसर के पास बनी पगडंडी पर भी बैरिकेड्स लगाकर वाहनों की आवाजाही रोकने का प्रयास किया गया, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। रोजाना यहां वाहन चालक रास्ता तलाशते नजर आते हैं और कई बार आपसी विवाद की स्थिति भी बन रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर यातायात सुचारु किया जाए।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी में जुटा निगम अमला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के स्वागत को ध्यान में रखते हुए उज्जैन शहर में हजारों करोड़ रुपए के विकास एवं निर्माण कार्य मध्यप्रदेश शासन की परिकल्पना के अनुरूप किए जा रहे हैं। विकास कार्यों के साथ-साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के लिए स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम लगातार शहर को देश के सबसे स्वच्छ एवं आदर्श शहरों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके लिए स्वच्छता, जन-जागरूकता, सौंदर्यीकरण और नागरिक सहभागिता पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख घाटों, तालाबों एवं नदी क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। महापौर, निगम अध्यक्ष एवं नागरिकों की सहभागिता से संचालित इन अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की भागीदारी से श्रमदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### रामघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन 2026 के चलते मां शिप्रा तैराक दल द्वारा चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर में आ रहे बच्चों व संस्था प्रचार सचिव तेजा कहार द्वारा रामघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें तेजा कहार, संस्था सचिव संतोष सोलंकी, दीपक कहार, पप्पू कहार आदि द्वारा सफाई की। जानकारी सपना माली ने दी।

### वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डिजिटल जनगणना के कार्य हेतु ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर

# सुपरवाइजर एवं प्रगणक के साथ घर-घर पहुंचकर सूचीकरण किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देश की पहली डिजिटल जनगणना प्रारंभ हो गई है 01 मई से 31 मई तक प्रगणक द्वारा घर घर पहुंच कर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है इसी क्रम में जनगणना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बुधवार को ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर जनगणना से संबंधित किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें जोन क्रमांक 04 एवं जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 पंवासा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 41 गोपालपुर क्षेत्र, लोटी स्कूल के पास, इत्यादि क्षेत्रों में 08 से अधिक ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर एवं प्रगणक के साथ घर-घर भ्रमण करते हुए नागरिकों से जानकारी संग्रहित की गई।

## देश की जनगणना के आंकड़े विकास एवं प्रगति के लिए है इसलिए जनगणना के कार्य में सहयोग करें



इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक को निर्देशित किया की जनगणना का कार्य समय सीमा से पूर्ण हो जो अवधि तय की गई है उसमें ही जनगणना का कार्य पूर्ण किया जाए ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर कुछ सुपरवाइजर एवं प्रकरण द्वारा कार्य करते हुए समय से पूर्व ही जनगणना के कार्य को पूर्ण किया गया है इसलिए संबंधित ब्लाक की टीम सराहना के पात्र है वर्तमान में गर्मी का समय है मौसम के अनुकूल रहते हुए कार्य किया जाए सुबह एवं शाम की शिफ्ट में घर-घर सर्वे किया जाए साथ ही जिन मकानों में ताले लगे हुए हैं उनमें फिर से कुछ दिनों बाद विजिट करें।

जनगणना 2027 प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई तक संपन्न किया जाएगा इसके लिए सभी शहरवासी इस डिजिटल जनगणना में सहयोग प्रदान करें घर-घर प्रगणक एवं पर्यवेक्षक आपसे जनगणना से संबंधित जानकारी संग्रहित करेंगे साथ ही स्वगणना यदि आपके द्वारा की गई है तो उसकी एसई आईडी प्रगणक के साथ साझा करें साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें की सिर्फ जनगणना से संबंधित जानकारी ही साझा करें अन्य किसी प्रकार का ओटीपी या वित्तीय जानकारी साझा ना करें जनगणना के सभी आंकड़े देश के विकास एवं प्रगति के लिए अति महत्वपूर्ण है इसलिए सही सटीक जानकारी देते हुए जनगणना में सहयोग करें।

इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, उज्जैन संभाग प्रभारी राजेश मौर्य, उपायुक्त मनोज मौर्य, जिला प्रभारी जनगणना तेजेंदर सिंह, सर्कल सुपरवाइजर राजेश राठौर, सरिता सोलंकी, प्रगणक गीता अखंड उपस्थित रहे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर
नं.1 क्षेत्रीय अखबार
# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्टर की संवेदनशील पहल से भूमि सीमांकन में मिली राहत

**इंदौर।** इंदौर जिले के ग्राम अंबाचंदन निवासी श्री निलेश पांचाल की भूमि सीमांकन संबंधी समस्या के समाधान की दिशा में जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कदम बढ़ाया है। जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष अपनी समस्या रखने पहुंचे पांचाल को प्रशासन द्वारा विधिवत मार्गदर्शन और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया। निलेश पांचाल ने बताया कि उन्होंने मार्च माह में भूमि सीमांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन नक्शे में तकनीकी त्रुटि होने के कारण प्रकरण आगे नहीं बढ़ सका। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने संबंधित एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### भेरूघाट और बायग्राम ब्लैक स्पॉट का प्रशासनिक निरीक्षण

**इंदौर।** इंदौर-इच्छापुर रोड पर सड़क दुर्घटनाओं एवं यातायात संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आज प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने भेरूघाट एवं बायग्राम स्थित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त मुआयना पुलिस अधीक्षक श्री राजेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक श्री उमाकांत चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री निलिन सिंह, आरआई श्री योगेंद्र सिंह भाटी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठल्चअक) के अधिकारी श्री अभिषेक सिंह, श्री जितेंद्र सिंह एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भेरूघाट एवं बायग्राम क्षेत्र में सड़क की स्थिति, तीव्र मोड़, संकेतकों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, दुर्घटना संभावित स्थानों तथा भारी वाहनों की आवाजाही का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई- अपर कलेक्टर

**इंदौर।** अपर कलेक्टर एवं जनगणना के प्रभारी अधिकारी श्री नवजीवन विजय पवार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर नगर निगम क्षेत्र में संचालित जनगणना कार्य के प्रथम चरण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणकों को अपना कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री पवार ने विशेष रूप से उन प्रगणकों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिन्होंने अभी तक अपना कार्य शुरू नहीं किया है। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि संबंधित प्रगणक शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे प्रगणक जो अभी तक अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें भी तत्काल कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों को मिली त्वरित राहत, खुलवाया गया रास्ता

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर तहसील हातोद के ग्राम बदरखा में ग्रामीणों की समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए बंद रास्ते को खुलवाया गया। ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में रास्ता बंद होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बताया था कि लंबे समय से उपयोग में आने वाला पारंपरिक मार्ग अवरुद्ध होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा ग्रामीणों में असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। कलेक्टर शिवम वर्मा की संवेदनशील पहल और प्रशासन की तत्परता से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर रास्ता खुलवाया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। रास्ता खुलवाने की यह कार्रवाई एसडीएम हातोद विनोद राठोर के निर्देशन में तहसीलदार गोविंद राठोर ने की। ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन एवं जिला प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### डायनासोर नेशनल पार्क को लेकर बैठक आयोजित

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज डायनासोर नेशनल पार्क धार को लेकर वीडियो कान्फ्रेसिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त कार्यालय इंदौर से उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी उपस्थित रही। धार से मुख्य वन संरक्षक टी.एन. मिश्रा, जिला वन मण्डलाधिकारी विजय मंथन एवं अभिनव प्रायवेट लिमिटेड के कंसल्टेंट कौस्तुभ कुर्लेकर शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने डायनासोर नेशनल पार्क से संबंधित मास्टर प्लान, बेसलाईन स्टडी और कंसलटेंट द्वारा तैयार प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. खाड़े ने बताया कि धार क्षेत्र में पहले से ही 89 हेक्टेयर क्षेत्र में जीवाश्म पार्क है।

---

20 लाख से छत कवर, केबल-पाइप अंडरग्राउंड, पेंटिंग का काम होगा, मंदिर में अभी महापर्वों पर फूलों-आर्टिफिशियल सजावट की जा रही

# श्रावण माह से पहले महाकाल मंदिर का होगा नया शृंगार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

### समिति के पास 700 किलो से ज्यादा चांदी का स्टॉक

महाकाल मंदिर समिति नंदी मंडपम को नवश्रृंगारित करने की योजना बना रही है। सब कुछ ठीक रहा तो श्रावण से पहले यह काम पूरा हो जाएगा। करीब 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का जिम्मा उज्जैन विकास प्राधिकरण को सौंपा गया है।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में वर्ष 2014-15 में 450 किलो चांदी से गर्भगृह को रजत मंडित किया गया था, उस समय से ही नंदी मंडपम को श्रृंगारित करने पर विचार किया जा रहा था। एक दशक में गई योजनाएं बनी, लेकिन अमल में नहीं आ पाई। इस बार प्रशासक प्रथम कौशिक ने योजना तैयार कर इसे अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर ली है।

सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने बताया करीब 20 लाख रुपये की लागत से नंदी मंडपम को नवश्रृंगारित करने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत नंदी मंडपम की छत आसपास खुले हिस्से को कवर किया जाएगा। साथ ही विद्युत लाइन, कैमरा केबल तथा गर्भगृह में लगे कुलिंग सिस्टम के पाइपों को अंडरग्राउंड करने की योजना है। नंदी मंडपम की छत तथा दीवारों पर पेंटिंग होगी।



### अभी फूलों से की जाती है सजावट

महाकाल मंदिर में चारों ओर सुंदरीकरण व विकास के काम हो रहे हैं। केवल नंदी मंडपम के रूप में मंदिर का महत्वपूर्ण स्थान उपेक्षित दिखाई देता है। हालांकि मंदिर प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि, श्रावण मास, दीपावली आदि महापर्वों पर फूलों से नंदी मंडपम की सजावट कराई जाती है। दानदाता आर्टिफिशियल सौंदर्य सामग्री से भी नंदी मंडपम की सज्जा करवाते हैं। लेकिन अब साज सज्जा स्थाई रूप लेने जा रही है।

गर्भगृह की तरह नंदी मंडपम को रजत मंडित करने का विकल्प अभी खुला है। मंदिर समिति ज्योतिर्लिंग की गरिमा के अनुरूप नंदी मंडपम को भी पूरी तरह रजत मंडित करेगी। बताया जाता है इसके लिए कई दानदाता और पुजारियों के यजमान तैयार हैं। बताया जाता है मंदिर समिति के पास भी 700 किलो से अधिक चांदी का स्टाक है। ऐसे में नंदी मंडपम को रजत मंडित करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी।

---

# गिर रहा भू जल स्तर.., औसतन 7 मीटर नीचे पहुँचा


## कई गाँवों में हैंडपंप हुए बंद-विभाग ने दी पानी का अपव्यय रोकने की सलाह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिले का भू जल स्तर तेजी से गिर रहा हैं। यहाँ पानी, जमीन से औसतन 7 मीटर नीचे चला गया है। जो कि चिंता का विषय है। भूजल सर्वेक्षण विभाग ने आगामी जल संकट से उबरने के लिए यहाँ पानी का अपव्यय रोकने की सलाह दी है।

उल्लेखनीय यह हैं कि जिले के भू-जल स्तर में लगातार तेजी से गिरावट आ रही है। नतीजा हैंडपंप-बोरिंग व अन्य जलस्रोत दम तोड़ने लगे हैं। बताया जाता है कि जिले में सबसे पहले बडनगर और घटिया विकासखंड का वाटर लेवल डाउन हुआ हैं। ऐसे में यहां के कई गांवों में हैंड पंप बंद हो गए हैं। भू जल कार्यालय के आंकड़े बता रहे हैं कि उज्जैन में जनवरी 2025 में उज्जैन जिले का औसत भूजल स्तर 5.50 मीटर नीचे था, जो 2024 के 6.81 मीटर से 1.31 मीटर बेहतर है। मई 2024 में भूजल स्तर 54.63 फीट नीचे दर्ज हुआ था।

अप्रैल 2026 में गंभीर डैम में सिर्फ 65 दिन का पानी बचा है, जो उज्जैन शहर का मुख्य जलस्रोत है। बीते एक महीने में आई इस 3 मीटर की गिरावट का असर देखने को मिल रहा है। मई माह में इसमें ओर गिरावट आएगी। कई गाँवों में हैंडपंप बंद हो गए हैं। बावजूद बारिश के पानी को सहेजने और भूजल पुनर्भरण के लिए सरकार या नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उलटा खेती की बोरवेल के पानी पर निर्भरता बढ़ती चली गई।



### खरगोन जिले में भी 40 मीटर गिरा भूजल, 643 हैंडपंप सूखे

खरगोन जिले में गर्मी बढ़ते ही जलसंकट अब विकराल रूप लेने लगा है। एक महीने में भूजल स्तर करीब 40 मीटर नीचे खिसक गया है, जिससे 643 हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। हालात यह हैं कि ग्रामीण इलाकों में लोग खेतों, निजी बोरिंग और दूरस्थ जलस्त्रोतों से पानी लाकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। इसके बावजूद पीएचई विभाग का दावा है कि जिले में कहीं भी जलसंकट जैसी स्थिति नहीं है और सुधार कार्य लगातार जारी हैं। पीएचई के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 11340 हैंडपंप हैं। इनमें से 10697 चालू बताए जा रहे हैं, जबकि 643 पूरी तरह बंद हो चुके हैं। स्थिति संभालने के लिए 2300 हैंडपंपों में अतिरिक्त पाइप डाले या बदले गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर सीमित ही नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा प्रभावित झिरन्या और भगवानपुरा ब्लॉक हैं, जहां सुबह से ही पानी के लिए लोगों की जद्दोजहद शुरू हो जाती है।

---

# इंदौर में डॉग फीडिंग कर रहे युवक पर हमला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

द्वारकापुरी क्षेत्र में डॉग फीडिंग कर रहे एक वॉलंटियर के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने एक व्यक्ति को कुत्ते को पीटने से रोक दिया था। घटना के बाद नाराज पशु प्रेमियों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। इसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

पीड़ित अमन तोमर की शिकायत पर द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। अमन लंबे समय से इलाके में बेसहारा कुत्तों को खाना खिलाने का काम करते हैं। बताया गया है कि उन्होंने एक व्यक्ति को कुत्ते के साथ मारपीट करते देखा और उसे रोकने की कोशिश की। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कुछ ही देर में आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर अमन के साथ बेरहमी से मारपीट की।

घटना के बाद अमन को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। उनके साथियों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और केवल एनसीआर दर्ज कर उन्हें थाने से रवाना कर दिया। इ

---

दूरी, खर्च और तकनीकी अड़चनें परिवार की उम्मीदों पर भारी पड़ रही थी

# एयर एम्बुलेंस के जरिये उपचार करवाने उज्जैन से बेंगलुरु पहुंचा मासूम यथार्थ

उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के सनोरिया सुमराखेड़ा गांव में रहने वाले दीपक सिंह राणावत के पुत्र हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक तरफ पांच महीने के मासूम की नाजुक सांसें थीं, दूसरी तरफ परिवार की बेबसी। जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहे बच्चे को तत्काल बड़े अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी था, लेकिन दूरी, खर्च और तकनीकी अड़चनें परिवार की उम्मीदों पर भारी पड़ रही थी। ऐसे वक्त में प्रदेश सरकार की पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा और आयुष्मान निरामय योजना ने न केवल एक परिवार को सहारा दिया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि संवेदनशील शासन व्यवस्था किसी की जिंदगी बचाने में कितनी बड़ी भूमिका निभा सकती है।

मासूम का नाम यथार्थ है, जो उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के सनोरिया सुमराखेड़ा गांव में रहने वाले दीपक सिंह राणावत के पुत्र हैं। यथार्थ, जन्म से ही गंभीर हृदय रोग ग्रस्त है। उज्जैन में उपचार के दौरान डाक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चे को जटिल जन्मजात हृदय बीमारी है और उसकी जान बचाने के लिए तत्काल उच्च स्तरीय सर्जरी जरूरी है। इसके लिए बच्चे को बेंगलुरु स्थित नारायणा अस्पताल रेफर किया गया।



**कलेक्टर ने तत्काल समस्या का समाधान कराया-** इलाज की प्रक्रिया के बीच आयुष्मान कार्ड में तकनीकी दिक्कत भी सामने आई, जिससे रेफरल और उपचार प्रभावित होने की आशंका बनने लगी। मामला संज्ञान में आते ही कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का समाधान कराया। प्रशासन की सक्रियता से तकनीकी बाधा कुछ ही समय में दूर हुई और बच्चे को बिना देरी एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी।

### सहारा बनी पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा और आयुष्मान निरामय योजना

परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इलाज की व्यवस्था और खर्च को लेकर थी। इसी दौरान मध्यप्रदेश शासन की पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा और आयुष्मान निरामय योजना संकट की घड़ी में सबसे बड़ा सहारा बनकर सामने आईं। सोमवार सुबह प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तेजी दिखाते हुए बच्चे को पहले एम्बुलेंस से उज्जैन से इंदौर पहुंचाया, जहां से पीएम श्री एयर एम्बुलेंस के जरिए उसे सुरक्षित बेंगलुरु रवाना किया गया।

---

# लापरवाही: खुले मैदान को बनाया कचरा डंपिंग यार्ड

## क्षेत्र के नागरिक हो रहे परेशान, अधिकारी सुनने को तैयार नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**

विगत 25 वर्षों से क्षेत्र के लोग नगर पालिका की सुविधा विरोधी नीतियों के कारण अपने स्वास्थ्य के साथ जीने को मजबूर है। बड़नगर में डंपिंग के लिए बनाए गए खाली मैदान के पहले राजस्व मार्ग उपवन, पीपलाखेड़ा के पास नगर पालिका ने मुख्य मार्ग पर सफाई कर्मचारियों ने कचरा ग्राउंड बना रखा है। यहां वार्ड क्रमांक 1,2,3,4 की सफाई कर रोज कचरा गाड़ी में भरने और कर्मचारियों द्वारा फेंका जाता है।

यहां से कचरा ट्रैक्टर में भरकर ग्रामवासी क्षेत्र में फेंका जा रहा है। मार्ग पर फेंका जाने वाला कचरा दो से चार दिनों के अंतराल में ट्रैक्टरों में भरकर ले जाया जाता है, तब तक कचरा ऐसा ही पड़ा रहता है। क्षेत्र के लोग कचरे से उठती दुर्गंध से परेशान होते रहते हैं। कई बार कचरे में आग भी लगाई जाती है जिससे स्थिति और भयावह हो जाती है।

यह सिलसिला बीते 25 सालों से चल रहा है। इस बारे में कई बार क्षेत्र के लोगों ने नगर पालिका के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के नागरिकों के बार-बार शिकायत करने नगर पालिका जाने के कारण अधिकारी व कर्मचारियों द्वरा लोगों को धमकाकर भगा दिया जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र के कई लोग गंभीर प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझकर मौत के मुंह में समा गए हैं।



---

दिन की तपन का अहसास रात की गर्म हवाओं में भी

# इंदौर में तपिश, दूसरे दिन भी पारा 43 डिग्री पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में भीषण गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। स्थिति यह है कि तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। दिनभर लू के थपेड़ों का जनजीवन पर काफी असर दिखाई दे रहा है और दिन में सडकें पहले की तुलना सूनी नजर आ रही है। शहर में दूसरे दिन भी पारा 43 डिग्री पार रहा और लोगों में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है। मंगलवार को दिनभर गर्म हवाओं और तपिश से गर्म हुई सड़कों का रात को भी असर रहा। रात 9 बजे तक गर्म हवाएं ही चलती रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बुधवार को भी काफी तपिश रहेगी और तापमान और भी ज्यादा बढ सकता है। गर्मी और लू के इलाज के लिए प्रशासन ने जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक बनाए हैं।



### बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं

दरअसल, इन दिनों तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। बुजुर्ग, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

■ गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पीएं और खाली पेट न रहें। ■ शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचे। ■ ठण्डे पानी से नहाएं, सिर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने। ■ बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े। ■ दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर जाने से बचे। ■ धूप में नंगे पैर न चलें और बहुत अधिक भारी काम न करें। ■ नागरिकों से अपील की गई है कि बाहर निकलना आवश्यक हो तो धूप से बचाव के लिए छतरी और धूप के चश्मे का उपयोग करें। ■ धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीएं। ■ बुखार और लू लगने की स्थिति में पास के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ■ ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस आदि का सेवन करें। इन सभी का उपाय कर गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता हैं।

---

# इंदौर महापौर का ऐलान- हफ्ते में एक दिन करेंगे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद अब इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक ऐलान किया है। अब वे भी हफ्ते में एक दिन आने-जाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करेंगे और हफ्ते में एक दिन नो कार डे को फॉलो करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जनता से भी यहीं अपील की है। इसे लेकर उन्होंने वीडियो के माध्यम से लोगों से अपील की है कि वे भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा इस्तेमाल करें।

महापौर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य की चिंता करते हुए देश की जनता से ईवी के प्रयोग का, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के प्रयोग का और डीजल-पेट्रोल की कम खपत का आह्वान किया है। इंदौर जिसे पीएम ने एक दौर कहा है एक बार फिर इस बात को सिद्ध करता है कि पिछले तीन सालों से लगातार इंदौर पूरे देश को नो कार डे के माध्यम से इसी तरह का संदेश देते आया है। महापौर ने कहा कि पीएम की इस अपील पर उन्होंने जनता से अपील की है कि हम सब यथासंभव कारपूलिंग करें।

## न्यूज कालम



## कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनसुनवाई में 81 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**मन्दसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदन एवं शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरणों का करें त्वरित समाधान। पेंशन में किसी प्रकार का विलम्ब न हो। इसके साथ ही सीमांकन एवं नामांतरण के प्रकरणों को लंबित न रखें। आरसीएमएस के प्रकरण का तुरंत समाधान करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक निर्देश जारी किए गए। ग्राम सुठी निवासी यशवंतसिंह द्वारा स्वयं की कृषि भूमि पर आने जाने का रास्ता खुलवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह कोटड़ी निवासी हिम्मतसिंह द्वारा क्रमोन्नती वेतन दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया गया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पिपलिया मंडी निवासी बालुराम द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार सीतामऊ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल का मोहनगढ़ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम मोहनगढ़ तहसील खकनार जिला बुरहानपुर में 11 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किमाया साली, जनरल फिजिशियन डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. अकरम खान ने मरीजों की संबंधित समस्याओं का परीक्षण कर परामर्श दिया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। चिकित्सकों ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## मेला ग्राउंड पर शॉपिंग काम्पलेक्स सहित कई विकास कार्यो का भूमिपूजन होगा

**खंडवा/मुंदी।** आज मुंदी नगर परिषद क्षेत्र में मांधाता विधायक नारायण पटेल करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे।मिली जानकारी के अनुसार मुंदी के संत बुखारदास बाबा एवं संत गुलाब दास बाबा मेला ग्राउंड के पास करीब डेढ करोड रुपए की लागत से नगर परिषद मुंदी के द्वारा शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर आज नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला चंद्रमोहन राठौर एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल भूमि पूजन करेंगे इसके साथ ही मुंदी के संत बुखारदास बाबा आश्रम पर 20 लाख रुपए की लागत से टीन शेड एवं राजपूत धर्मशाला में करीब 15 लाख रुपए की लागत से मांगलिक भवन, केनूद रोड पर 20 लाख रुपए की लागत से नर्मदा परिक्रमा वासियो के लिये सामुदायिक भवन,इसके साथ ही राठौर धर्मशाला मे करीब 8 लाख रुपए की लागत से टीन शेड का निर्माण होना है। कुल 2 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों का आज सुबह 9 बजे भूमिपूजन होगा।

# लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा के नवीन भवन का भूमि पूजन समारोह सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा




लायन्स क्लब का आज का कार्यक्रम राष्ट्रगान व ध्वज वंदना से प्रारम्भ होना ही राष्ट्र प्रेम प्रदर्शित करता है।लायन्स क्लब में सदस्य सेवा की भावना से ही जुड़ता है।क्लब के संचालन के लिए क्लब सदस्य पूर्ण सहयोग करते है। क्लब पीड़ित मानव सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहते है। अन्नदान, पर्यावरण,अंधत्व निवारण, नेत्रदान देहदान,स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में नियमित कार्य के साथ प्रशासन को भी पूर्ण सहयोग करते है।उपरोक्त उदगार लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा संचालित जिला चिकित्सालय परिसर में श्रीमती चंदा देवी अत्रिवाल की प्रेरणा से पुत्र राजीव अत्रिवाल खण्डवा वर्तमान में अमेरिका के सहयोग से लायन्स भोजन सेवा केंद्र के नवीन भवन के भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्य विभाग के मंत्री व खण्डवा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने व्यक्त करते हुए कहा कि लायन्स भोजन सेवा केंद्र 26 वर्षो से जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में प्रतिदिन 250 से अधिक मरीजो के ग्रामीण निर्धन परिजनों को भोजन उपलब्ध करा रहा है।यह बहुत वंदनीय सेवा है।नवीन भवन से ओर अधिक ग्रामीण लाभान्वित होंगे। नारायण बाहेती ने बताया की लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़,लायन्स भोजन सेवा केंद्र चेयरमेन गांधी प्रसाद गदले,को चेयरमेन नारायण बाहेती ,को चेयरमेन राजीव शर्मा कार्यक्रम संयोजक गुरमितसिंघ उबेजा,सह संयोजक अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खण्डवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,विधायक श्रीमती कंचन तनवे,महापौर अमृता यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषभ गुप्ता,एसपी अगम जैन,लायन्स डिस्ट्रिक्ट के 2026-27 के गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रणवीर सिंह चावला, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा, भाजपा के धर्मेंद बजाज ,हरीश कोटवाले,सेवादास पटेल ने अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि अनेको वर्षो से लायन्स क्लब खण्डवा सेवा का पर्याय है हर क्षेत्र में सराहनीय सेवा कर रहा है इसमें जुड़े सदस्य सेवा में अग्रणी है। जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा व लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा ने डिस्ट्रिक्ट व मल्टीपल ही नही वरन अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। कार्यक्रम में राजीव अत्रिवाल की माताजी,श्रीमती चंदा अत्रिवाल व परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। घनश्याम वाधवा ने ध्वज वंदना का वाचन किया।स्वागत उद्बोधन आशा उपाध्याय ने व कार्यक्रम की जानकारी गुरमितसिंघ उबेजा ने दी। रितेश गोयल, रजनीश जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल, गुरमितसिंघ उबेजा, अखिलेश गुप्ता, घनश्याम वाधवा,डॉ दिलीप हिन्दुजा,रविंदर कौर सलूजा,पवन लाड़,दिलीप दशोरे,डॉ आर एस देसाई, नर्सेस कैंडर, राकेश मालवीय, को नव भवन में सहयोग की घोषणा के लिए सम्मानित किया गया। लायन्स पदाधिकारियों के साथ ही लायन्स भोजन सेवा समिति के घनश्याम वाधवा,बलिराम तिरोले,सनत श्रीमाली,सुशीला गदले,रेखा रामस्नेही लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव अभिषु शर्मा,कोषाध्यक्ष केतन वर्मा व सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

## अर्चना चिटनिस के निर्देश पर फोफनार क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधार के कार्य तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के निर्देश पर ग्राम फोफनार एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत और सुचारु बनाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। लंबे समय से लो वोल्टेज, अतिभार और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए गए हैं।

**5 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित**

क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए ग्राम तुरकगोराड़ा ग्रीड पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। यहां से निकलने वाली 11 केवी लाइन, जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है, का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी एक सप्ताह में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**33 केवी लाइन का निर्माण जारी**

ग्राम बड़गांव से फोफनार के मध्य 33 केवी लाइन निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अधिक मजबूत और स्थिर हो सकेगी। माह के अंत तक यह कार्य पूरा होने की संभावना है।

खामनी फीडर पर लगाए मिडस्पान पोल

खामनी फीडर पर बढ़ते विद्युत भार के कारण उत्पन्न ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने के लिए 5 नए मिडस्पान पोल लगाए गए हैं तथा लगभग आधा किलोमीटर नई 11केवी लाइन स्थापित की गई है। साथ ही फोफनार ग्रीड का विद्युत भार जसौंदी ग्रीड पर शिफ्ट कर विद्युत आपूर्ति को अधिक संतुलित एवं सुचारु बनाया गया है।

**ग्रामीणों को मिलेगी राहत**

इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में लो वोल्टेज, ओवरलोड एवं बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या में बड़ी कमी आएगी। इससे ग्रामीणों एवं किसानों को सिंचाई कार्यों के साथ घरेलू बिजली व्यवस्था में भी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इन कार्यों के लिए विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों की सराहना की है।

## तिरुपति रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग की कार्यवाही खाद्य पंजीयन निलंबित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर श्री बीएस कलेश के निदेर्शानुसार, खाद्य सुरक्षा विभाग नीमच की टीम ने नीमच शहर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आकस्मिक निरीक्षण किया एवं जांच कर नमूने लिए ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मंगलवार को फर्म श्री तिरुपति फैमिली रेस्टोरेंट मनासा रोड़ नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर अस्वच्छ परीस्थितियों में खाद्य पदार्थ रोटी, सब्जी, दाल तेयार खाद्य आदि का निर्माण भंडारण पाया गया एवं किचन की दीवारें अत्यधिक गंदी पाई गई ओर फ्रिज में अस्वच्छ परीस्थितियों में खाद्य पदार्थ का भंडारण पाया गया।

किचन में बने फर्श पर वॉश बेसिन के अंदर ही ग्रेवी बनाने की मशीन संचालित पाई गई। टीम द्वारा मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत एवं निर्मित खाद्य पदार्थ मदर चॉइस घी, दही, तैयार प्याज ग्रेवी, मिश्रीत दूध लस्सी, छाछ, पनीर जीरा अजवाइन, बेसन, तिल्ली के कुल 11 नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिए गए ।खाद्य सुरक्षा और मानकअधिनियम 2006 के प्रावधानों अनुसार परिसर में किचन संचालित नहीं होने से खाद्य पंजीयन निलंबित किया गया एवं क्रय विक्रय बंद कराया गया।

मौके पर कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा ३२ के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गयाहै। प्रकरण की विवेचना कर प्रकरण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की विभिन्नधाराओं के अंतर्गत अपर कलेक्टर न्यायालय नीमच में दर्ज किया जाएगा।

उक्त लिए गए समस्त नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधि अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। टीम द्वारा होटल श्री गणेश रतन महाराज का ढाबा नीमच के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के अंतर्गत बिना खाद्य पंजीयन के व्यवसाय करने पर एडीएम कोर्ट नीमच में प्रकरण दर्ज किया गया। बिना खाद्य पंजीयन व्यवसाय करने पर उक्त अधिनियम के अंतर्गत रुपए 2 लाख तक के जुर्माना लगावे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई थी मौत, चालक को एक वर्ष का कारावास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। अंकित भंजुग, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, जावरा जिला रतलाम के न्यायालय द्वारा आरोपी कुसमित पांचाल को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। अभियोजन के अनुसार, घटना 17 अप्रैल 2024 की है। फरियादी ईस्माईल मेवाती को सूचना मिली थी कि बड़ावदा में आरा मशीन के सामने, उन्हेल-जावरा रोड पर एक कार चालक ने उसके पिता अस्लीम भाई की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी है। होंडा अमेज कार के चालक ने वाहन को अत्यंत तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारी थी, जिससे अस्लीम भाई के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। घायल को तत्काल जावरा और फिर मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसी रात उनकी मृत्यु हो गई। थाना बड़ावदा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना के पश्चात आरोपी कुसमित पांचाल पिता ओमप्रकाश पांचाल निवासी इंदौर के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री अशोक छारिया द्वारा की गई। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी कुसमित पांचाल को धारा 304-ए (लापरवाही से मृत्यु कारित करना) के तहत दोषी पाया और उसे एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## पीजी कॉलेज प्राचार्य पर दिव्यांग कर्मचारी से मारपीट का आरोप

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज करने को लेकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने बल प्रयोग कर हटाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्योतिस्वरूप दुबे द्वारा एक चतुर्थ श्रेणी दिव्यांग कर्मचारी के साथ मारपीट और प्रताड़ना के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने से आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकताओं और कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को वायडी नगर थाने के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कार्यकताओं ने थाने के सामने चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को घसीटकर सड़क से हटाते हुए थाने के अंदर बैठाया।

इस हंगामे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन भी मौके पर पहुंचे। थाने के भीतर विधायक और थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के बीच तीखी बहस देखने को मिली। विधायक ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अन्य मामलों में पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन एक दिव्यांग कर्मचारी के साथ हुई ज्यादती पर १५ दिन की जांच का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर प्राचार्य के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिलेभर के दिव्यांगों के साथ थाने के सामने बड़ा धरना-प्रदर्शन करेंगे। विधायक ने कहा कि नागरिकों और कार्यकताओं के साथ बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विवाद की जड़ 8 मई की वह घटना है जिसमें पीड़ित दिव्यांग कार्यालय सहायक परेश बारवाल ने आरोप लगाया है कि प्राचार्य डॉ. दुबे ने भौतिकी कक्ष में उन्हें थप्पड़ मारा और अपमानित किया। पीड़ित का कहना है कि प्राचार्य उन्हें लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे हैं।वहीं, दूसरी ओर प्राचार्य डॉ. ज्योतिस्वरूप दुबे ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है।

# लोधी की उपस्थिति में कोर समिति की बैठक संपन्न

**खंडवा।** सत्ता और संगठन के तालमेल से ही केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में विकास करने वाली सरकार चल रही है। पार्टी संगठन के पोटो कॉल के तहत जिले में प्रदेश के कोई भी मंत्री का प्रवेश होता है तो पार्टी की कोर समिति या अन्य बैठकों में भी मंत्रीगण शामिल होते हैं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन धर्मस्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जिला मुख्यालय खंडवा पहुंचे और उन्होंने खंडवा के कार्यक्रमों के साथ ही पार्टी संगठन की कोर समिति की बैठक में भी भाग लिया।

जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कोर समिति की बैठक में कहा कि पार्टी संगठन के निर्देश पर जिले में सभी कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न होते हैं, मन की बात कार्यक्रम में भी खंडवा लगातार अग्रणी हे, संगठन द्वारा बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों के साथ किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई, साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पूरे जिले भर में समितियां का गठन किया जाना है, उस पर भी विचार मंथन हुआ, साथ ही बैठक में संगठनात्मक कार्यों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बैठक में अन्य विषयों को भी लेकर मंथन हुआ, आयोजित कोर समिति की बैठक में जिले के प्रभारी अंबाराम कराडा, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायकगण कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल,छाया मोरै,महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, सुभाष कोठारी, सेवादास पटेल उपस्थित थे।

**पश्चिम रेलवे–रतलाम**
**ई–नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–रतलाम मंडल– पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई–ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं PARKING-RTM-6, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड लॉट नं. **PARKING-RTM-6. Type of agreement-Parking Stand, Lot No. PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-RJQ-TW-89-26-1 (Rajendra Nagar TW),** अनुबंध की अवधि–3 वर्ष, ई–नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई–नीलामी दिनांक 28.05.26 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **0049**
Like us on: facebook.com/WesternRly

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक कुमार पाण्डये द्वारा झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा वारिसनाते, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 1001152467 पता- 9, राजा बाग (बारा मथ्था) इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तोावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 12**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरदास थरानी, अटलराम थरानी द्वारा झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा वारिसनाते, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 1001154920 पता- 56, पैलेस कालोनी इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तोावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 12**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशपाल पिता मनीष पाल, वर्तमान सम्पत्ति धारक ताराबाई रामचन्द्र पाल द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा वारिसनाते, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 1001109147 पता- 1/8, पैकी उषागंज इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 11 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तोावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**स्टेडियम झोन क्रमांक 11**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय निगम पिता बालकृष्ण निगम , वर्तमान सम्पत्ति धारक गौतम पिता जितेन्द्र चौधरी द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा वारिसनाते, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 1003334792 पता- प्रकोष्ठ 508, शेखर सेंट्रल पैकी मनोरमागंज इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 11 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तोावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**स्टेडियम झोन क्रमांक 11**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नितेश कुमार राठौर पिता सुन्दरलाल राठौर, झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001191251 पता- भ.क्र. 527, स्कीम नं. 97, पार्ट -4 स्लाइस 4 (वीआईपी परस्पर नगर) इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपिका सेन पति विकास सेन, झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 100388942पता-भ.क्र. 220 एफ., कुंदन नगर ग्राम अहिरखेड़ी इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सतीश पटेल पिता श्री हृदय सिंह पटेल, श्रीमती बबीता पति श्री सतीश पटेल , झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 9000024350.पता- भ.क्र. 945, कुंदन नगर ग्राम अहिरखेड़ी इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उर्मिला पति अशोक कुमार बाहेती, झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001228289 पता- 504, ईश्वरी ग्रीन्स ब्लाक-ए इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास पिता श्रीनिवास दिनकर मांडे झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001228289 पता- 401, ईश्वरी ग्रीन्स ब्लाक-ए इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम पिता अजय कुमार सिन्हा, डॉ. श्रीमती सुपर्णा पाल पति गौतम सिन्हा झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001228289 पता- 802, ईश्वरी ग्रीन्स ब्लाक-ए इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार वर्मा पिता छोटेलाल वर्मा झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001228289 पता- 602, ईश्वरी ग्रीन्स ब्लाक-ए इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषि पिता विनोद सलूजा, श्रीमती निकिता पति ऋषि सलूजा झोन क्रमांक 21 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वासियत नामा, प्रस्तुत कर सर्विस/पीन नं. 1001228289 पता-604, ईश्वरी ग्रीन्स ब्लाक-ए इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14/05/2026 से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी**
**शहिद वीर सावरकर (प्रगति नगर)क्रमांक 21**
**नगर पालिका निगम, इंदौर**

## न्यूज -कॉलम

### युवक की मौत के मामले में जांच के दौरान आए थे कई मुद्दे सामने

**उज्जैन।** दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान बरती गई लापरवाही से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने एमपी अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को 3 दिनों में दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने के निर्देश जारी किये गये है। 21 अप्रैल 2025 की रात इंदौर रोड पर सड़क दुर्घटना में ग्राम करनावद का रहने वाला प्रताप आंजना 20 साल गंभीर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां देर रात उसकी परिजनों से चर्चा हुई। सबकुछ ठीक लग रहा था। इसके बाद तड़के प्रताप आंजना को अस्पताल प्रबंधन ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हंगामा किया और प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही के आरोप लगाये। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिये एमपी अस्पताल पहुंची। जहां मृतक के उपचार संबंधित दस्तावेज देखे गये। जिसमें लापरवाही होना सामने आया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल को सौंपा। सीएमएचओ ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। प्रबंधन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसके चलते एमपी अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया। वहीं मरीजों के भर्ती करने पर रोक लगाते हुए वर्तमान में भर्ती मरीजों को 3 दिनों में दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने के निर्देश जारी कर दिये।

### मजदूर दंपति ने पहचाना, पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** चेरिटेबल अस्पताल से कुछ दूरी पर सोमवार रात बेहोशी की हालत में वृद्ध पड़ा मिला था। जिसे पुलिस की एफआरवी ने उपचार के लिये अस्पताल पहुंचा था। मंगलवार शाम वृद्ध की मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पहचान के प्रयास शुरू किये। पुलिस को उसके पास कागज पर लिखे 2 मोबाइल नम्बर मिले। जिस पर संपर्क करने के बाद पता चला कि मृतक मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने उक्त नम्बर धारक को पहचान के लिये पोस्टमार्टम कक्ष बुलाया। बुधवार को पप्पू बाघमरे निवासी बैतूल और उसकी पत्नी पहुंचे। पप्पू ने बताया कि वह भी भूखी माता मार्ग पर झोपड़ी में रहकर मजदूरी करता है। वृद्ध को बाबा नाम से पहचानते थे, उसने साथ में मजूदरी की है। बाबा खुद को जोधपुर का रहने वाला बताता था। 15 दिन पहले उसकी पत्नी की भी मौत हो गई थी। उसके परिवार में कोई ओर नहीं है। एएसआई जयप्रकाश शर्मा के अनुसार परिवार के किसी व्यक्ति से संपर्क नहीं होने और हिन्दू होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव का चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार कराया गया है।

### घायल की मौत होने पर बुलेट चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम खेडावदा में 23 अप्रैल को बाइक और बुलेट के बीच हुई टक्कर में शंकरलाल पिता बगदीराम परमार 65 साल निवासी ग्राम ढिकवा बिलपांक रतलाम गंभीर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां कुछ दिन चले उपचार के बाद मौत हो गई थी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी भाटपचलाना थाना पुलिस को भेजी गई थी। पुलिस ने मंगलवार रात बुलेट चालक के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज कर लिया। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। अब उसकी तलाश की जारी है।

### चार दिन बाद पूणे में मिली 13 साल की लापता बालिका

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम पारदी बलड़ा की रहने वाली 13 साल की बालिका 8-9 मई की रात अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने मामले की शिकायत चौकी पर दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि बालिका पूणे में है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने पूणे पुलिस से संपर्क कर बालिका को दस्तयाब किया। जिसे मंगलवार रात उज्जैन लाया गया। बालिका के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि मां के डांटने पर वह घर से निकल गई थी। पानबिहार से बस में उज्जैन आई और फिर नागदा पहुंची, जहां से ट्रेन में सवार होकर पूणे पहुंची थी। पूर्व में भी माता-पिता के साथ पूणे में मजदूरी कर चुकी थी। चौकी प्रभारी के अनुसार बालिका के बुधवार को कोर्ट में बयान दर्ज कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बदमाशों ने कार में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** ग्राम तालोद में रहने वाला आकाश पिता बाबूलाल मालवीय 29 साल कार में सवार होकर नागझिरी थाना क्षेत्र के विक्रमनगर चौराहा से रात 1 बजे गुजर रहा था। उसी दौरान उसका रास्ता 3 बदमाशों ने रोका और शराब पीने के रूपयों की मांग करने लगे। आकाश ने रूपये देने से मना किया और उसे कार से बाहर निकालकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए कार में तोडफोड़ कर दी। नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार आकाश की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 679-2 |
| मेन बाजार | 369-8 | 127-0 |
| कल्याण नाइट | 156-2 | 136-0 |
| मिलन डे | 247-3 | 789-4 |
| मिलन नाइट | 148-3 | 189-8 |
| मधुर डे | 159-5 | 680-4 |
| मधुर नाइट | 127-0 | 110-2 |
| शुभांक | 4 7 | 0 |

# छात्रा की मौत के 4 दिन बाद गिरफ्त में डॉक्टर- संचालक

## अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान गई थी जान, दस्तावेज-डिग्री की गई जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान हुई कक्षा 7 वीं की छात्रा की मौत के मामले में चार दिन बाद बुधवार को पुलिस ने डॉक्टर और क्लीनिक संचालक को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में दोनों को कोर्ट पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

मंछामन कालोनी में संचालित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में शनिवार को मजदूर परिवार की 11 वर्षीय बालिका दीपिका पिता मनोहर डाबी की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने लापरवाही का आरोपी लगाकर हंगामा किया था और देर रात तक आगररोड पर चक्काजाम किया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मृतक बालिका की मां मंजूबाई डाबी की शिकायत पर क्लीनिक संचालक राजेश चौहान निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर देवेश तिवारी निवासी बसंत विहार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 3 (5) का मामला दर्ज किया था। चार दिन बाद दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थान प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद डॉक्टर की डिग्री जप्त की गई है, वहीं राजेश चौहान से क्लीनिक संबंधित दस्तावेज और उसकी बीईएमएस डिग्री बरामद कर विवेचना में ली गई है। डॉ. देवेश तिवारी स्वास्थ्य विभाग में एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर है।

### मौत की वजह फारेंसिक रिपोर्ट के बाद

कक्षा सातवी में पड़ने वाली छात्रा की मौत के बाद सात डॉक्टरों की पैनल ने पोस्टमार्टम किया था। इस दौरान शार्ट रिपोर्ट में छात्रा का हार्ट और फेफडे फैल होना सामने आया था, बावजूद छात्रा का बिसरा जांच के सागर फॉरेंसिक लेब भेजा गया है। जहां से रिपोर्ट मिलने पर मामले में आगे की जांच शुरू की जायेगी। छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही के आरोप लगाये थे और बताया कि एक माह से पॉली क्लीनिक नोबल में उपचार कराया था। शनिवार को ऑपरेशन के लिये बुलाया गया था, उस दौरान तक बालिका पूरी तरह ठीक थी।

**निजी अस्पतल में छोड़ भागे थे कर्मचारी**-जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में छात्रा का ऑपरेशन किया गया था, जहां उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। जिसके चलते परिवार को स्थिति स्पष्ट किये बिना क्लीनिक के कर्मचारी फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर गये थे। जहां डॉक्टरों ने बालिका की मौत होना बताया तो क्लीनिक के कर्मचारी बालिका को छोड़ भाग निकले थे। पुलिस द्वारा कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

# झोले में छुपाकर 2 युवक ला रहे थे अंग्रेजी शराब



**उज्जैन।** देवास की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर सवार 2 युवक झोले में छुपाकर अंग्रेजी शराब ला रहे थे। खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से 54 हजार की शराब और 1.20 लाख की बाइक जप्त की गई। दोनों से रिमांड पर पूछताछ की जा रही है।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि मंगलवार रात खबर मिली थी कि बिना नम्बर की बाइक पर सवार 2 युवक हजारों की अंग्रेजी शराब झोले में छुपाकर ला रहे है। खबर सामने आने पर आरक्षक रोहित मिश्रा, गजेन्द्र दुबे, वीरेन्द्रसिंह और चालक रामबाबू पटेल के साथ गरोठ ब्रिज के नीचे जवासिया मार्ग पर घेराबंदी की गई। बाइक पर आते 2 युवक दिखाई दिये जिनके पास झोले थे। दोनों को रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें अंग्रेजी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ करने पर दोनों के नाम रवि पिता राजेश मालवीय 22 साल और दीपक पिता मदनलाल चौहान 20 साल निवासी ग्राम सुमराखेड़ा विजयगंज मंडी सामने आये। एसआई वेद ने बताया कि उनके पास से बरामद शराब 312 क्वार्टर कीमत 54 हजार की है, जिसके वैध दस्तावेज नहीं होने पर मामले में आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। बिना नम्बर की एक्सट्रीम बाइक की कीमत 1.20 लाख रूपये पाई गई। दोनों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शराब आगरोद से आकाश जयसवाल ने उपलब्ध कराई थी। जिसकी तलाश के लिये एक टीम रवाना की गई है।

**दशहरा मैदान से पकड़ाया युवक**- अवैध शराब के मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात दशहरा मैदान से टोंककलां के रहने वाले महेश पिता रूपसिंह हाडा को हिरासत में लिया। जिसके पास से झोले में भरे देशी शराब के 258 क्वार्टर बरामद किये गये। प्रधान आरक्षक चैतन्य जौहरी ने बताया कि बरामद शराब 25 हजार रूपये से अधिक कीमत की है। आरोपित के खिलाफ अवैध शराब का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

**महाकाल लोक में महिला घायल- उज्जैन।** इंदौर का कुशवाह परिवार मंगलवार को महाकाल दर्शन करने आया था। शाम महाकाल लोक घूमने के दौरान परिवार की सरोज कुशवाह 45 वर्ष को संतुलन बिगड़ने पर गिर गई। जिसके चलते उनके सिर में चोंट लगी। डॉक्टरों ने पांच टांके लगाये।


**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल- पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं PARKING-RTM-6, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड लॉट नं. **PARKING-RTM-6. Type of agreement-Parking Stand, Lot No. PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-RJQ-TW-89-26-1 (Rajendra Nagar TW),** अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 28.05.26 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **0049**

Like us on: facebook.com/WesternRly


# छह साल बाद गिरफ्त में आया डकैती में फरार आरोपी

## 10 हजार का था इनाम, पूर्व में पकडे गये थे साथी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 6 साल पहले चौकीदार को बंधक बनाकर सात बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। एक बदमाश लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। फरार बदमाश को मंगलवार-बुधवार रात देवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 दिसंबर 2020 को आधी रात में ग्राम मौलान स्थित नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 2 व्यक्ति पानी पीने के बहाने आये थे, चौकीदार ने उन्हे रोका तो दोनों के अन्य साथी भी तलवार-कट्टे से लैस होकर फैक्ट्री में घुस गये थे। बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर फैक्ट्री के शटर का ताला काटा गया था और गोदाम में रखी 50 बोरी नट बोल्ट, 50 नग थ्रेशर पुली, पाइप काटने का कटर, 40 बोरी सोयाबीन, खाली गैस टंकी, डीपी ऑयल, 3 सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर लूट लिया था। मामले में चौकीदार की सूचना पर धारा 458, 380 का प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद धारा 395 और 411 का इजाफ किया। छह बदमाशों को कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में फारुख पिता अहमद हुसैन निवासी रसूलपुर जिला देवास लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। 6 साल बाद खबर मिली कि बदमाश फारूख अपने घर रसूलपुर आया हुआ है। तत्काल एक टीम देवास रवाना की गई और रात में उसे घेराबंद कर हिरासत में लिया। जिसे बड़नगर लाने के बाद बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, लूट और डकैती के 7 संगीन मामले दर्ज है।

# 63 लाख में मकान सौदा कर हड़पे 26.50 लाख

**उज्जैन।** फ्रीगंज क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने पति के भाई के साथ मिलकर मकान का सौदा किया और 26.50 लाख रूपये हड़प लिये। महिला के पति का निधन होने के बाद महिला और उसका रिश्तेदार मकान की रजिस्ट्री दूसरे के नाम कर लापता हो गये। मामले में माधवनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

कार्तिक चौक महादजी मार्ग पर रहने वाले विशाल पिता किशोर शर्मा ने 28 फरवरी 2023 में राजकुमार तिवारी और उसकी पत्नी अर्चना तिवारी से एके बिल्डिंग के पास फ्रीगंज में मकान का सौदा 63 लाख में किया था। डेढ़ लाख रूपये नगद देने के बाद 25 लाख का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन 2 से 3 खातों में किया। शेष राशि रजिस्ट्र कराने पर देना तय किया गया। इस बीच 9 जुलाई 2023 को राजकुमार का निधन हो गया। इस दौरान विशाल शर्मा उनके यहां शोक प्रगट करने भी गये। उस वक्त अर्चना शर्मा ने आश्वासन दिया कि पग?ी कार्यक्रम के बाद पति के नाम दर्ज मकान का नामांतरण कराकर रजिस्ट्री करा दी जायेगी। लेकिन सालभर बाद भी नामांतरण नहीं कराया गया और कहा गया कि अभी रजिस्ट्री कराने में असमर्थ है। 2-3 माह में नामांतरण कराकर रजिस्ट्री करा दी जायेगी। पति की मौत के बाद अर्चना ने स्वर्गवासी पति के भाई मनीष तिवारी के अकाउंट में भी राशि का ट्रांजेक्शन कराया। समय गुजरने के साथ जनवरी 2024 में पता चला कि उक्त मकान अर्चना और मनीष ने मिलकर इंदौर की रहने वाली संगीता पति अजय तिवारी को बेच दिया है। जिसकी प्रमाणित प्रतिलिपि स्टॉम्प वेंडर के माध्यम से प्राप्त की गई तो 26.50 लाख की धोखाधड़ी होना सामने आया। दोनों उसके बाद लापता हो भी हो गये। विशाल शर्मा ने मामले में आवेदन कर अर्चना तिवारी और मनीष तिवारी के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कराने की शिकायत की। पुलिस ने लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद 12 मई 2026 को दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि दोनों आरोपितों का पता लगाया जा रहा है। जल्द गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती सीमा चौधरी पिता श्री गिरध् गारीलाल चौधरी, निवासी- शंकरपुर, मक्सी रोड़ उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृ षि भूमि सर्वे क्रमांक-205/2 रकबा 0.2670 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 206/2 रकबा 1.3850 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा-1.652 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम पंवासा तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-13.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**

**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो.9827264140**



## जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी क्रमांक 1 राजवीरसिंह तोमर पित्ता उल्फतसिह तोमर निवासी 14/2 देसाई नगर मेन रोड उज्जैन में स्थित है से उनके एकमेव स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि रार्वे नंबर 46/2/1/2 रकबा 0.2000 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम बोडानी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है य भुमि स्वामी क्रमांक 2 संजय जैन पित्ता कन्हैयालाल जैन निवासी 10/1 शंकु मार्ग तंबाकु बाजार उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 46/2/1/3 रकबा 0.2000 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम बोडानी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है कुल विकित रकबा 0.4000 हेक्टर भुमि को क्रय कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है। उक्त् भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे। इति दिनांक-13.05.2026 उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**

**कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन**

**मो. 9826354843**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती आशा वर्मा पति श्री मनोज परमार, निवासी ई.डब्लू.एस. बी-24/6, त्रिवेणी विहार, मालनवासा, उज्जैन, (म.प्र.) से उनके मालकी व आधिपत्य का भवन कमांक 86 ब्लॉक ॥, स्थित 卐श्री हाटकेश्वर विहार卐, ग्राम दाउदखेडी, तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भवन के विकय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भवन के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भवन के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भवन में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भवन के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा भवन का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 14/05/2026

**सर्विस प्रोवाईडर एवं दस्तावेज लेखक सुमित बावेजा**

**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन**

**मो. 8770336766**



## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने चैनसिंह पंवार पिता श्री भोमसिंहजी जाति राजपूत निवासी ग्राम इंगोरिया तह. बडनगर जिला उज्जैन के भूमि स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्व क्र. 318 रकबा 3.5900 हैक्टर मेंकी रकबा 1.000 हैक्टर लगानी बरूएरेट की स्थित ग्राम मैसला तह. बडनगर जिला उज्जैन में है जिसकी चर्तुसीमा-पूर्व में रास्ता आम, पश्चिम में इन्दीरताले की भूमि, उत्तर में-अनुबंधकर्ता की शेष भूमि, दक्षिण में-भूमि सर्वे क्रमांक 318 की डेड बीध भूमि, उपरोक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शे राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्स विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक् विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में म लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति में पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 13-5-2026

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**

**51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**

**मो.9425091124,8959999299**



**In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court] Ujjain**

**Presiding Officer : सुश्री सृष्टि पटेल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु।)

(RCS A/0000211/2026)

गुनगुन सोनी वादी
Vs
सर्वसाधारण प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 06/07/2026

प्रेषिती
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थीगण क्र.1 गुनगुन सोनी पिता सुनील सोनी, आयु-22 वर्ष, धंधा प्रायवेट नौकरी, निवासी. एस.एच.256 सांदीपनी नगर उज्जैन, क्र.2 सलोनी सोनी पति अयज सोनी पुत्री सुनील सोनी, आयु-26 वर्ष, धंधा गृहकार्य, निवासी-210 राजीव नगर इंडस्ट्रीयल एरिया नो. 3 देवास, क्रं.3 पूजा सोनी पति कौशल सोनी पुत्री सुनील सोनी, आयु 21 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, निवासी-ग्राम खोकरी सुवासा जिला उज्जैन ने आपके विरुद्ध एक वादपत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 1 सीपीसी वाद वास्ते धोषणात्मक सहायता व आज्ञापक निषेधाज्ञा हेतु प्रतिवादी क्रं, 2 प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुधवारिया उजैन की बैंक में मृतक लॉकर धारक स्व विनोद सोनी के लॉकर क. 1801 पर उनके स्थान पर उनके उत्तराधिकारी वादीगण होने के नाते लॉकर धारक के रूप में अपना नाम अंकित करवाने तथा लॉकर संचालित करने के अधिकारी होने के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजाल /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे यह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दाये या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें

यह आज तारीख 22 अप्रेल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश (सृष्टि पटेल)

कृपया ध्यान दे-

1. यदि किसी कारण उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।



## कार्यालय : नगर पालिक निगम,उज्जैन म.प्र.

छत्रपति शिवाजी भवन ,कोयला फाटक ,उज्जैन Ph:0734-2535229

Website:http://nagarnigamujjain.org/E-mail:nn.ujjain@mpurban.gov.in

क्रमांक:-उ.वि. / 524 — उज्जैन दिनांक :- 11/05/2026

**(online)निविदा विज्ञप्ती**

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र.शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

सिरियल कं सिरियल कं 01, 02, 03, 04, 05, 06, व 07 ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 20.05.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम 20.05.2026 समय 17:30 रहेगी।

सिरियल कं सिरियल कं 08 ऑनलाईन क्रय करने की (संशोधित) अंतिम दिनांक 22.05.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम 22.05.2026 समय 17:30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| क्र | निविदा विज्ञप्ति क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल | अर्नेस्टम नी रू. | टेण्डर फॉर्म का मुल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| 1 | E-Tendering No. 2026_UAD_492231_2 | वार्ड क्रं 51 अंतर्गत संत कबीर नगर स्थित मारुति उद्यान का सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य। | 8,95,962/- | UADD SOR & NON SOR | 8960/- | 2000/- | 90 दिन |
| 2 | E-Tendering No. 2026_UAD_479335_2 | उद्यानों का संधारण हेतु आवश्यक मशीनरी तथा सामग्री क्रय कार्य। | 13,45,000/- | UADD SOR & NON SOR | 10,100/-- | 2000/- | 90 दिन |
| 3 | E-Tendering No. 2026_UAD_494654_2 | वार्ड क्रं 21 द्वारा विभिन्न स्थानों एवं मंदिर दर्शन आने वाले दर्शनार्थियों के लिए बैठने के लिए स्टील चेयर लगवाये जाने बाबत्। | 696000/- | UADD NON SOR | 6960/- | 2000/- | 30 दिन |
| 4 | E-Tendering No. 2025_UAD_448479_4 | वार्ड क्रं 06 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ट्री गार्ड लगाये जाने बाबत्। | 169880/- | UADD Sor/ Non Sor | 3400/- | 1000/- | 30 दिन |
| 5 | E-Tendering No. 2026_UAD_493552_2 | वार्ड क्रं 18 अंतर्गत विभिन्न उद्यानों की रिपेयरिंगए रंगाई-पुताई कार्य कराये जाने बाबत्। | 846840/- | UADDSOR | 8470/- | 2000/- | 60 दिन |
| 6 | E-Tendering No. 2025_UAD_443617_2 | वार्ड क्रं 43 अंतर्गत ओरा पार्क बगीचे का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 169491/- | UADD SOR & NON SOR | 3400/- | 1000/- | 30 दिन |
| 7 | E-Tendering No. 2025_UAD_411241_6 | वार्ड क्र. 43 अंतर्गत वल्लभ नगर उद्यान को आदर्श उद्यान के रूप में विकसित करने | 26,62,489/- | UADD SOR & NON SOR | 50,000/-- | 5000/- | 120 दिन |
| 8 | E-Tendering No. 2025_UAD_457550_3 | नगर निगम सीमा में रेड स्टोन पत्थर से निर्मित रोटरी एवं डिवाइडर का संधारण कार्य। | 16,92,990/- | UADD SOR | 12,700/- | 2000/- | 365 दिन |

**कार्यपालन यंत्री (उद्यान)**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**

# संसार से मोह कैसा



एक बार एक शिष्य ने प्रश्न किया, बाबा, हम जानते हैं कि यहां कोई सदा के लिए नहीं रहता, फिर भी धन-दौलत, मान-सम्मान, रिश्ते-नाते सबको अपना समझकर उसे पकड़े रखते हैं। आखिर इसका राज क्या है और इससे कैसे पीछा छुड़ाया जा सकता है? मनुष्य का जीवन केवल जन्म, भोग और मृत्यु की एक साधारण यात्रा नहीं है। भारतीय आध्यात्मिक दर्शन के अनुसार, यह आत्मा की उस अनंत यात्रा का एक पड़ाव है, जिसका अंतिम लक्ष्य है- प्रकृति के बंधनों से पूर्ण मुक्ति। यही मुक्ति मोक्ष है और इसी की प्राप्ति के लिए साधना का मार्ग बताया गया है। साधना केवल पूजा-पाठ या ध्यान का अभ्यास नहीं, बल्कि अपने भीतर चल रहे उस महायुद्ध का नाम है, जिसमें मनुष्य को अपनी चंचलता, वासनाओं, अहंकार और अज्ञान पर विजय प्राप्त करनी होती है।

दर्शन कहता है कि मनुष्य का मन प्रकृति के प्रभाव से निरंतर चंचल बना रहता है। यही चंचलता उसे बाहरी संसार की वस्तुओं, इच्छाओं और मोह में बांध देती है। मन जितना अधिक स्थूल विषयों में उलझता है, उतना ही वह अशांत और अशुद्ध होता जाता है। साधना का उद्देश्य इस अशांत मन को स्थूलता से हटाकर सूक्ष्मता की ओर ले जाना है। जब मन धीरे-धीरे बाहरी आकर्षणों से हटकर भीतर की चेतना में स्थिर होने लगता है, तभी वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा आरंभ होती है। यह मार्ग सरल नहीं है। जब कोई साधक साधना प्रारंभ करता है, तब उसके जीवन में अनेक बाधाएं आने लगती हैं, परंतु आध्यात्मिक दृष्टि से ये बाधाएं पतन के नहीं, बल्कि प्रगति के संकेत हैं। साधना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष है- अहंकार का विसर्जन। आध्यात्मिक शक्तियां प्राप्त होने पर अनेक लोग उनको प्रदर्शन का माध्यम बना लेते हैं। किंतु वास्तविक अध्यात्म कहता है कि शक्ति का प्रदर्शन साधक को पुनः अहंकार और अविद्यामाया के अधीन कर देता है।

इस मार्ग में गुरु का महत्व भी अत्यंत गहरा है। जिस प्रकार अंधकार में भटका हुआ व्यक्ति बिना मार्गदर्शक के सही दिशा नहीं पा सकता, उसी प्रकार साधना का सूक्ष्म मार्ग भी सद्गुरु के बिना पूर्ण नहीं होता। किंतु केवल गुरु मिल जाने से मुक्ति नहीं मिलती; साधक को स्वयं प्रयास करना पड़ता है। जब मन की चंचलता समाप्त होती है, तब आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करती है। वही अवस्था मुक्ति है- जहां न भय है, न मोह, न दुख और न ही जन्म-मृत्यु का बंधन। साधना केवल धर्म का कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मा की स्वतंत्रता का विज्ञान है। यही मनुष्य का सर्वोच्च कर्तव्य है और यही उसके जीवन की वास्तविक पूर्णता।



**सम्पादकीय**

## फिर पेपर लीक

नीट परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्र के लीक होने की घटना जितनी शर्मनाक है, उससे अधिक यह दर्दनाक है। शर्मनाक इसलिए कि परीक्षा के आयोजन से जुड़ा तंत्र एक बार फिर नाकाम हो गया है और दर्दनाक इस मायने में कि लगभग 23 लाख किशोर मायूसी के शिकार हो गए हैं। उनकी महीनों-बरसों की आस पर फिलहाल पानी फिर गया है। इनमें से कई बेहद तंगहाली में डॉक्टर बनने का सपना संजोए बैठे होंगे। कई अभिभावकों ने होनहार संतान की खुशी के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाया होगा। उनके लिए परीक्षा का रद्द होना किसी वज्रपात से कम नहीं है। हालांकि, नीट परीक्षा की आयोजक संस्था एनटीए ने कहा है कि जल्द ही दोबारा परीक्षा ली जाएगी और परीक्षा रद्द करने का कदम होनहार नौनिहालों के हक में ही उठाया गया है। निस्संदेह, धांधली की किसी आशंका को खत्म करने के लिए दोबारा परीक्षा ही उचित रास्ता था, मगर सवाल यही है कि टूटे हुए मन से दोबारा परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे परीक्षार्थी इस पर अब कितना यकीन करेंगे? क्या वे उसी उत्साह से फिर से जुट सकेंगे? हमारी नियामक एजेंसी को किशोर परीक्षार्थियों के नजरिये से भी गौर करना चाहिए।

पेपर लीक की जांच का जिम्मा सीबीआई को तब सौंपा गया, जब कम से कम 48 घंटों तक यह मामला मुख्यधारा के अखबारों व सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरता रहा और दिग्गज विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाने नहीं शुरू कर दिए। क्या इस धत्कर्म में शामिल लोग तब तक भूमिगत नहीं हो गए होंगे? शुरू में इस मामले की जड़ चुरू (राजस्थान) में दिख रही थी, मगर बाद में जिस तरह से इस गैंग के हाथ हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और अन्य प्रांतों तक फैले बताए जाने लगे, उसे देखते हुए सीबीआई के लिए पूरे मामले का उद्भेदन बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। नासिक पुलिस ने राजस्थान पुलिस से मिली सूचनाओं के आधार पर जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है, वह अपनी वेशभूषा और हेयर स्टाइल वगैरह बदल चुका था। बहरहाल, इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा करते हुए दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। ऐसा सिर्फ देश में परीक्षा तंत्र की शुचिता स्थापित करने के लिए ही आवश्यक नहीं है, अपने बच्चों का इसमें भरोसा बहाल करने के लिए भी जरूरी है। यह अच्छी बात है, एनटीए ने साफ किया है कि दोबारा परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को नए सिरे से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी और न ही परीक्षा केंद्र बदले जाएंगे।

### मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य शासन करें पालन

# हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दिया पेंशनरों के हित में फैसला



डॉ. चन्दर सोनाने
(दैनिक अवन्तिका)

हाल ही में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला दिया है। इस फैसले के अनुसार दोनों राज्यों को छठवें वेतनमान का 32 माह का एरियर और सातवें वेतनमान की 27 माह की एरियर राशि का 120 दिनों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों के भुगतान करने के आदेश दिए है।

छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ के प्रान्ताध्यक्ष श्री चेतन भारती ने 12 अगस्त 2021 को अपने अधिवक्ता श्री क्षितिज शर्मा के माध्यम से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में दोनों राज्यों के पेंशनरों के साथ हो रहे अन्याय के विरूद्ध न्याय प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। उसी याचिका के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा यह फैसला दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को राज्य सरकारों द्वारा छठवें वेतनमान का 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक 32 माह का एरियर नहीं दिया गया था। इसी प्रकार सातवें वेतनमान में भी 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक 27 माह की एरियर राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनर दोनों राज्य सरकारों के द्वारा किए जा रहे अन्याय के कारण दुखी और परेशान थे । खास बात यह है कि दोनों राज्य सरकारों द्वारा नियमित कर्मचारियों को छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर की राशि का भुगतान कर दिया गया। किंतु पेंशनरों के साथ दोनों राज्य सराकरों द्वारा भेदभाव करते हुए छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर राशि नहीं दी गई।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनर संगठन द्वारा दोनों राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार मिलकर और ज्ञापन देकर एरियर राशि देने का अनुरोध कर रहे थे। किंतु दोनों राज्य सरकारों ने पेंशनरों की अभी तक नहीं सुनी। पेंशनर संगठनों द्वारा छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर राशि के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। किन्तु उनकी



सुनवाई नहीं हो रही है। इस कारण मजबूर होकर पेशनर संगठन ने उच्च न्यायालय की शरण ली और उच्च न्यायालय द्वारा पेंशनरों के हित में निर्णय लिया गया।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्रियों से अनुरोध है कि वे उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार 120 दिनों में छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान करें। अब अन्याय बहुत हो चुका। पेंशनरों के हित में उच्च न्यायालय का जो निर्देश आया है, उसके लिए दोनों राज्यों के पेंशनर संगठनों को एकजुट होकर एरियर राशि प्राप्त करने की आवश्यकता है।

पिछले दिनों 10 अप्रैल 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने भी महँगाई भत्ते और महँगाई राहत पर बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि राज्य सरकारें कर्मचारियों और पेंशनधारियों में भेदभाव नहीं कर सकती। क्योंकि महंगाई का असर दोनों पर समान रूप से पड़ता है। इसलिए राज्य सरकारों को महंगाई भत्ता और महंगााई राहत देते समय भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी.वराले की पीठ ने पिछले दिनों केरलम सरकार और केरलम राज्य सड़क परिवहन निगम की अपीलों को खारिज कर दिया, जिनमें पेंशनधारियों को अलग दर से मंहगाई राहत देने का फैसला सही ठहराया गया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों को भी समानता का अधिकार है। इसलिए उन्हें किसी भी तरह से कमतर नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा के पेंशनर केवल पेंशन के ही नहीं, बल्कि महंगाई राहत के भी हकदार है, जो समय-समय पर महंगाई के आधार पर बढ़ाई जाती है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का असर देशभर के लाखों पेंशनधारियों पर पड़ सकता है। अब राज्य सरकारें और सरकारी संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे महंगाई राहत तय करते समय सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच कोई भेदभाव नहीं करें। यह फैसला पेंशधारियों के अधिकारों को मजबूत करता है। और ये संदेश भी देता है कि कर्मचारियों के रिटायर्ड होने के बाद भी पेंशनरों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आर्थिक नीतियों में भी समानता का सिद्धांत लागू होगा और किसी भी तरह की मनमानी को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

पेंशनरों को पेंशन राहत देते समय एक बड़ा अड़ंगा मध्यप्रदेश राज्य गठन अधिनियम की धारा 49 (6) का बहाना लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पिछले अनेक सालों से भेदभाव किया जा रहा है। उक्त धारा का बहाना लेकर राज्य सरकार सेवारत कर्मचारियों को तो महंगाई भत्ता देने का आदेश उसी तारीख से देते है, जिस तारीख से केन्द्र ने महंगाई भत्ता बढ़ाया है। किन्तु पेंशनरों को उसी समय महंगाई राहत स्वीकार नहीं करते हुए धारा 49 (6) का बहाना करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति प्राप्त करने के लिए पत्र व्यवहार का नाटक करती रहती है। छत्तीसगढ़ सरकार भी पेंशनरों के साथ भेदभाव करते हुउ उस तारीख से पेंशन नहीं देती है, जिस तारीख से केन्द्र सरकार मंहगाई भत्ता, महंगााई राहत की घोषणा करता है। देर से महंगाई राहत की सहमति प्राप्त होने के कारण मध्यप्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई तारीख से महंगाई राहत की घोषणा करती है, जिसमें कई महीनों की देरी हो जाती है और पेंशनरों को एरियर की राशि भी नहीं दी जाती। इस कारण वर्षों से पेंशनरों के साथ भेदभाव होता आ रहा है। समस्या की जड़ धारा 49 (6) को शीघ्र समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री उक्त धारा को समाप्त करने का निर्णय लेकर केन्द्र सरकार को भेजे। इस धारा के समाप्त करने के बाद ही पेंशनरों के साथ हो रहा भेदभाव खत्म होगा।

उच्च न्यायालय बिलासपुर और सुप्रीम कोर्ट के उक्त दोनों फैसलों का आदर और सम्मान करते हुए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्रियों को पेंशनरों के हित में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। आशा है दोनों राज्य के मुख्यमंत्री अपनी संवेदनशीलता का परिचय देंगे और पेंशनरों के हित में सही निर्णय लेंगे।

## कमरा नंबर 302

उस ओयो होटल की गलियाँ किसी भूलभुलैया जैसी थीं, जहाँ रोशनी भी डरी-सहमी सी अंदर आती थी। बाहर बोर्ड पर वेलकम ऐसे लिखा था जैसे कोई कसाई बकरे को पुचकार रहा हो। रिसेप्शन पर बैठा लड़का स्मार्टफोन में डूबा था, उसे दुनिया के किसी भी अनैतिक कृत्य से परहेज नहीं था, बस आधार कार्ड ओरिजनल होना चाहिए। उसने अपनी पत्नी से झूठ बोला था कि ऑफिस की कोई जरूरी मीटिंग है। घर पर वह सीधी-सादी स्त्री उसके लिए घी के परांठे बना रही होगी, यह जानते हुए भी उसके माथे पर शिकन नहीं थी। वह सीढ़ियाँ चढ़ते हुए खुद को अधूरा-सा महसूस कर रहा था, जो अपनी ऊब को मिटाने के लिए एक स्पेस की तलाश में है। कमरा नंबर 302 का दरवाजा खुला और एयर कंडीशनर की घरघराहट ने उसका स्वागत किया। यहाँ की हवा में एक अजीब सी बासी खुशबू थी-सस्ते परफ्यूम और सिगरेट के धुएं का एक ऐसा कॉकटेल, जो केवल उन कमरों में मिलता है जहाँ लोग अक्सर अपनी नैतिकता उतार कर खूंटी पर टांग देते हैं।

कमरे का इंटीरियर शानदार होने का ढोंग कर रहा था। लाल रंग के भारी परदे ऐसे लटके थे मानो किसी बड़े रहस्य को ढकने की नाकाम कोशिश कर रहे हों। बेड पर बिछी सफेद चादर अपनी सफेदी से उसे चिढ़ा रही थी। उसने खिड़की के पास खड़े होकर बाहर देखा। ₹तुम आ गईं?₹ उसने शून्य में पूछा। सामने वाले सोफे पर एक धुंधली सी आकृति उसे नजर आई। वह उसकी वही पुरानी प्रेमिका थी, जिससे उसने शादी के बड़े-बड़े वादे किए थे, शारीरिक संबंध बनाए थे और फिर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा की बलि वेदी पर उसे अकेला छोड़ दिया था। ₹देर कर दी तुमने,₹ सोफे से एक महीन आवाज आई। वह हंसा, ₹दुनिया को धोखा देना आसान है, पर खुद की इच्छाओं को नहीं। मेरी पत्नी को लगता है मैं एक आदर्श पुरुष हूँ। वह बेचारी तो उस गाय की तरह है जिसे खूंटे से बांध दिया गया है। उसे क्या पता कि मेरा असली वजूद यहाँ, इस बदबूदार कमरे की तन्हाई में तुम्हारे साथ खिलता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 मई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:50 सूर्यास्त 18:56
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - द्वादशी 11:20 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - रेवती 22:34 उपरांत अश्विनी
योग - प्रीति 17:53 उपरांत आयुष्मान
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मीन में है। 22:34 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 26 तारिख

**मेष-** आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृषभ-** घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी।

**मिथुन-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**कर्क-** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**सिंह-** शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या-** भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**तुला-** मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी।

**धनु-** बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कुंभ-** निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**मीन-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है।

**समसामयिक**

## बंगाल के तपस्वी स्वयंसेवक : माखनलाल सरकार और राष्ट्रवादी आंदोलन की मौन यात्रा



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

भारत के सार्वजनिक जीवन में अक्सर बड़े नेताओं और ऐतिहासिक घटनाओं की चर्चा होती है, लेकिन राष्ट्र निर्माण की वास्तविक नींव उन अनगिनत कार्यकताओं ने तैयार की है, जिन्होंने बिना किसी पद, प्रचार या राजनीतिक महत्वाकांक्षा के अपना पूरा जीवन विचार और संगठन को समर्पित कर दिया। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ स्वयंसेवक माखनलाल सरकार ऐसी ही पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हाल के दिनों में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक मंच पर उनके चरण स्पर्श कर सम्मान व्यक्त किया, तब देशभर में इस दृश्य की चर्चा हुई। किंतु यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं था, बल्कि उन हजारों अनाम कार्यकताओं की दशकों लंबी तपस्या का प्रतीक था, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्रवादी विचारधारा को जीवित रखा। माखनलाल सरकार उन शुरूआती कार्यकताओं में माने जाते हैं जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद बंगाल में राष्ट्रवादी आंदोलन को संगठित रूप देने का कार्य किया। वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगियों में रहे और लंबे समय तक संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उस दौर में बंगाल की राजनीति वैचारिक संघर्षों से गुजर रही थी। राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए जमीन तैयार करना आसान नहीं था। राजनीतिक विरोध, हिंसा और सामाजिक दबाव सामान्य स्थिति मानी जाती थी।

इसके बावजूद माखनलाल सरकार जैसे कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ते रहे। परिवारजनों के अनुसार, एक समय ऐसा भी आया जब राष्ट्रवादी गतिविधियों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता था और प्रतिबंधों का वातावरण था। इसी दौरान राष्ट्रगान गाने के कारण उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। यह प्रसंग उस दौर की वैचारिक परिस्थितियों को रेखांकित करता है, जब राष्ट्रवादी प्रतीकों और नारों को लेकर भी संघर्ष की स्थिति बन जाती थी। सन 1952 के कश्मीर आंदोलन में भी माखनलाल सरकार सक्रिय रूप से जुड़े। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ चल रहे तिरंगा आंदोलन में उन्होंने भाग लिया और इसी दौरान गिरफ्तारी भी दी। उस समय एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे का नारा पूरे देश में व्यापक जनचर्चा का विषय बना हुआ था। बंगाल के एक साधारण स्वयंसेवक के रूप में माखनलाल सरकार भी इस आंदोलन का हिस्सा बने।

बाद के वर्षों में संगठन निर्माण के क्षेत्र में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण मानी गई। सन 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद बंगाल में संगठन विस्तार चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता था। माखनलाल सरकार को पश्चिम दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग क्षेत्रों में संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया। बताया जाता है कि अल्प समय में उन्होंने हजारों नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ा और लगातार वर्षों तक जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्रवादी राजनीति की मजबूत आधारशिला तैयार की।

विशेष बात यह रही कि लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उनका जीवन अत्यंत साधारण बना रहा। न प्रचार की अपेक्षा, न राजनीतिक महत्वाकांक्षा और न व्यक्तिगत पहचान का आग्रह। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया सम्मान एक व्यापक प्रतीक के रूप में देखा गया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह दृश्य उस कार्यकर्ता परंपरा को सम्मान देने का संकेत था, जिसने दशकों तक मौन रहकर संगठनात्मक आधार तैयार किया।

वर्तमान समय में जब राजनीति प्रायः त्वरित प्रसिद्धि और दृश्यता के इर्द-गिर्द केंद्रित दिखाई देती है, तब माखनलाल सरकार जैसे व्यक्तित्व संगठनात्मक जीवन के उस पक्ष की याद दिलाते हैं, जिसमें विचार, अनुशासन और दीर्घकालिक समर्पण को सर्वोच्च माना जाता था।

# श्रीमंत छत्रपति संभाजी महाराज- वह ज्वाला जिसे यातनाएँ भी बुझा न सकीं

**14 मई जयंती विशेष**



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय इतिहास का गगन अनेक वीरों की गाथाओं से आलोकित है,किंतु कुछ नाम ऐसे हैं जो केवल इतिहास का हिस्सा नहीं बनते,बल्कि राष्ट्र की आत्मा में सदैव जीवित रहते हैं। श्रीमंत छत्रपति संभाजी महाराज ऐसेही एक अमर व्यक्तित्व हैं,जिनका जीवन साहस,स्वाभिमान,विद्वता और बलिदान का अद्वितीय संगम था। दुर्भाग्य से इतिहास के अनेक पन्नों में उनके व्यक्तित्व को उतनी व्यापकता नहीं मिली, जिसके वे वास्तविक अधिकारी थे।उनके जीवन को केवल युद्धों और बलिदान तक सीमित कर दिया गया, जबकि सत्य यह है कि संभाजी महाराज केवल एक योद्धा नहीं,बल्कि राष्ट्रचेतना के प्रखर प्रहरी थे। आज जब समाज वैचारिक भ्रम, सांस्कृतिक विस्मृति और इतिहास की अधूरी व्याख्याओं से जूझ रहा है,तब संभाजी महाराज का जीवन हमें यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र केवल तलवारों से नहीं,बल्कि आत्मसम्मान, संस्कृति और दृढ़ संकल्प से सुरक्षित रहता है।

14 मई 1657 को पुरंदर किले में जन्मे श्रीमंत संभाजी महाराज ने बाल्यकाल से ही संघर्ष को अपनी नियति के रूप में देखा। वे श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज के ज्येष्ठ पुत्र थे,किंतु राजमहलों का वैभव उनके जीवन की पहचान नहीं बना। बाल्यकाल में ही माता सईबाई का साया सिर से उठ गया। इसके बाद उनका पालन-पोषण राजमाता जीजाबाई के संरक्षण में हुआ,जिन्होंने उनके भीतर धर्म,स्वराज्य और राष्ट्रगौरव के ऐसे संस्कार रोपे,जो अंतिम सांस तक उनके व्यक्तित्व की आधारशिला बने रहे। मात्र नौ वर्ष की आयु में पुरंदर की संधि के तहत उन्हें मुगल दरबार में राजनीतिक बंधक बनाकर भेज दिया गया। सोचिए,जिस आयु में सामान्य बालक खेल और सपनों की दुनिया में जीता है, उस आयु में संभाजी महाराज को शत्रुओं के बीच रहकर राजनीति,छल और सत्ता का कठोर यथार्थ देखना पड़ा। किंतु यही परिस्थितियाँ आगे चलकर उन्हें अदम्य साहस का प्रतीक बनाने वाली थीं। उन्होंने भय को कभी अपने व्यक्तित्व पर हावी नहीं होने दिया। विपरीत परिस्थितियों ने उन्हें तोड़ा नहीं,बल्कि लोहे से भी अधिक मजबूत बना दिया।

संभाजी महाराज की छवि प्रायः केवल रणभूमि के योद्धा के रूप में प्रस्तुत की जाती है,जबकि वे असाधारण विद्वान भी थे। संस्कृत,मराठी,हिंदी,फारसी और पुर्तगाली जैसी भाषाओं पर उनका अधिकार था। उन्होंने कम आयु में ही ₹बुधभूषणम₹ जैसे संस्कृत ग्रंथ की रचना की। यह तथ्य बताता है कि उनकी तलवार जितनी तेज थी,उनकी बुद्धि उससे कहीं अधिक प्रखर थी। वे जानते थे कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल सेना में नहीं,बल्कि उसकी संस्कृति और ज्ञान परंपरा में निहित होती है। 1680 में श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज के निधन के बाद मराठा साम्राज्य व हिंदवी स्वराज तथा भारतभूमि पर संकटों का पहाड़ टूट पड़ा। भीतर सत्ता संघर्ष और बाहर मुगलों का भीषण आक्रमण। उस समय मुगल सत्ता का सबसे शक्तिशाली शासक औरंगजेब दक्षिण में स्वराज्य की जड़ों को समाप्त करने के लिए अपनी विशाल सेना के साथ उतर चुका था। उसे विश्वास था कि महाराज शिवाजी के बाद मराठा साम्राज्य ओर स्वराज का स्वप्न इस देश से शीघ्र ही बिखर जाएगा। किंतु यही वह क्षण था,जब संभाजी महाराज ने अपने अद्वितीय नेतृत्व से इतिहास की दिशा बदल दी। 16 जनवरी 1681 को उन्होंने मराठा साम्राज्य (हिंदवी स्वराज) की बागडोर संभाली और मुगलों के विरुद्ध ऐसा प्रतिरोध खड़ा किया,जिसने औरंगजेब की वर्षों पुरानी महत्वाकांक्षाओं को ध्वस्त कर दिया।

**धर्म-आस्था**

# 75 वर्षों में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना सोमनाथ



शुभम दुबे
(दैनिक अविन्तका)

भारत की सांस्कृतिक आत्मा और आस्था के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होना केवल एक धार्मिक अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की ऐतिहासिक चेतना, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी महत्वपूर्ण क्षण है। आज जब देश इस गौरवपूर्ण यात्रा को स्मरण कर रहा है, तब यह भी स्पष्ट दिखाई देता है कि केंद्र की भारत सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय विरासत और सांस्कृतिक धरोहरों के पुनर्स्थापन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है। सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और सनातन परंपरा की अमर गाथा है।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत के संघर्ष, आक्रमणों और पुनर्जागरण की कहानी कहता है। विदेशी आक्रांताओं द्वारा कई बार ध्वस्त किए जाने के बाद भी यह मंदिर भारतीय आस्था का केंद्र बना रहा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लौहपुरुष सरदार पटेल ने इसके पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। वर्ष 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया गया, जिसने स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान को नई पहचान दी।

इन 75 वर्षों में सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं रहा, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक बन गया। विशेष रूप से पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने तीर्थ स्थलों के विकास और धार्मिक पर्यटन को जिस प्रकार गति दी है, वह उल्लेखनीय है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, अयोध्या में राम मंदिर और केदारनाथ पुनर्विकास जैसे अनेक प्रकल्प इस सोच को मजबूत करते हैं कि भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही विश्व में नई पहचान बना सकता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमनाथ बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है। कहा जाता है कि चंद्रदेव ने भगवान शिव की आराधना कर यहां अपने श्राप से मुक्ति पाई थी, इसी कारण इसका नाम सोमनाथ पड़ा। अरब सागर के तट पर स्थित यह मंदिर प्राचीन काल से श्रद्धा और व्यापार दोनों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा। इतिहासकारों के अनुसार इसका उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रंथों और यात्रावृतांतों में मिलता है।

सोमनाथ का इतिहास जितना गौरवपूर्ण है, उतना ही संघर्षपूर्ण भी। 11वीं शताब्दी में महमूद गजनी ने इस मंदिर पर आक्रमण कर इसकी अपार संपदा लूटी और मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद भी विभिन्न कालखंडों में कई विदेशी आक्रांताओं ने इसे निशाना बनाया। लेकिन हर विनाश के बाद भारतीय समाज ने इसे फिर से खड़ा किया। यही तथ्य दर्शाता है कि किसी राष्ट्र की आत्मा को केवल पत्थरों को तोड़कर समाप्त नहीं किया जा सकता। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। आधुनिक सुविधाओं और भव्य स्थापत्य ने इसकी गरिमा को और बढ़ाया है। साथ ही यह मंदिर भारत को यह स्मरण कराता है कि हमारी संस्कृति ने हर संकट के बाद स्वयं को पुनर्जीवित करने की क्षमता दिखाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कई बार यह कहा है कि विकास और विरासत साथ-साथ चल सकते हैं। यही कारण है कि सरकार ने एक ओर आधुनिक आधारभूत संरचना पर बल दिया, वहीं दूसरी ओर प्राचीन मंदिरों, तीर्थों और सांस्कृतिक केंद्रों के संरक्षण को भी महत्व दिया। सोमनाथ मंदिर परिसर का आधुनिकीकरण, पर्यटन सुविधाओं का विस्तार और आसपास के क्षेत्र का विकास इसी दृष्टि का हिस्सा है।

हालांकि, इस अवसर पर यह भी आवश्यक है कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित न रह जाए। मंदिरों और तीर्थ स्थलों के विकास के साथ-साथ देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर भी समान गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रीय गौरव तभी सार्थक होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सोमनाथ के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष भारत की उस अटूट चेतना का प्रमाण हैं, जिसने सदियों के संघर्ष के बाद भी अपनी पहचान को जीवित रखा। यह अवसर केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के भारत की सांस्कृतिक दिशा तय करने का भी है। यदि विरासत और विकास का संतुलन बना रहा, तो भारत विश्व मंच पर अपनी सभ्यतागत शक्ति के रूप में और अधिक मजबूती से उभरेगा। आज जब भारत विश्व मंच पर अपनी नई पहचान बना रहा है, तब सोमनाथ जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक केंद्र देश की सांस्कृतिक शक्ति को मजबूत करते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी- 5101-5750, डालर-3461-8000, मटर- 1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन- 2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,57,000 रवा- 1,56,500 चांदी- टंच- 2,70,000 पाट- 2,69,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## छापीहेड़ा पुलिस ने 10.58 ग्राम स्मैक एवं स्कूटी सहित 1.20 लाख का माल किया जप्त

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु एसपी द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उक्त निदेशों के पालन में एसडीओपी राजगढ़ के मार्गदर्शन में थाना छापीहेड़ा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की है। मिली सूचना के अनुसार थाना छापीहेड़ा पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि संडावता तरफ से एक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी पर दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर खुजनेर की ओर जाने वाले हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक उमा शंकर मुकाती ने वरिष्ठ अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर पुलिस टीम गठित की तथा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर सघन चेकिंग प्रारंभ की। वाहन चेकिंग के दौरान सोनखेड़ा जोड़ पर बताए गए हुलिए के दो व्यक्ति बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी से आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगे, किन्तु पुलिस टीम ने तत्परता, सूझबूझ व साहस का परिचय देते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपी लखन पिता घीसूलाल शर्मा 22 वर्ष निवासी विगनोदीपुरा थाना सारंगपुर, मांगीलाल पिता बनेसिंह तंवर 25 वर्ष निवासी छोटी मेहरी थाना लीमाचौहान को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से 10.58 ग्राम अवैध स्मैक कीमत 70 हजार रु एवं एक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी कीमत 50 हजार रु कुल जप्त माल की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रु आकी गई। आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## घर के बाहर खेल रही थी नाबालिग बच्ची को वैन ने कुचला : मौत, आरोपी गिरफ्तार

**आगर मालवा।** आगर-मालवा जिले के ग्राम ढोटी में मंगलवार शाम सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम ढोटी निवासी जितेंद्र सूर्यवंशी की बेटी राशि घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान गांव में किराना सामान लेकर पहुंचा एक इक्को वाहन तेज रफ्तार में वहां से गुजर रहा था। बताया गया कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बच्ची वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने इक्को वाहन चालक सोनू पिता राधेश्याम परिहार निवासी आगर को गिरफ्तार कर लिया है। वाहन भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वर्मा के निर्देशानुसार अधिवक्ता मतदान संपन्न

**खाचरोद।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता निर्वाचन 2026 का आयोजन खाचरोद न्यायालय में संपन्न हुआ, मतदान केंद्र पर मतदान अधिकारी श्रीमती नीतू कांता वर्मा प्रथम एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश खाचरोद, नायब नाजिर जलील खान, नीरज जाटव एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा निर्वाचन कार्य संपादित किया गया, सभी अधिवक्ताओं ने इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लिया खाचरोद में कुल 98 अधिवक्ता मतदाताओं में से 77 अधिवक्ताओं ने अपना वोट डाला,उक्त निर्वाचन में पुलिस, नगर पालिका एवं डॉक्टर्स का भी विशेष योगदान रहा।

**NAME CHANGE NOTICE**

I Narendra kumar kandi, 114 Station Road, Krashi Upaj Mandi ke Samne, Tarana Tahsil Tarana. Dist. Ujjain M.P. I Declare that my old name was "Narendra Kumar Kandy", (Old name) Now has to changed "Narendra Kumar Kandi" (New Name) hence forth, I shall be known **Narendra Kumar Kandi s/o Motilal kandi** in future for all purpose including all the official documentations

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री कपिल पिता स्व. श्री विनोद वर्मा निवासी 184 बैकुंठधाम कॉलोनी मक्सी रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य एक भवन जिसका मकान क्रमांक 6/1 चाणक्यपुरी नानाखेड़ा उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है और अनुबंध के पालन में बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया जाना है। ऐसी स्थिति में यदि उपरोक्त अनुबंधग्रस्त कृषि भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था आदि को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई भार, ऋण उक्त कृषि भूमि के संबंध में शेष हो तो वह मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय रेकॉर्ड के मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा और उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। दिनांक 13/5/26

**दीपक राठौर**
**26 न्यू कोर्ट परिसर उज्जैन मो.नं- 9926125228**

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### मोहन बड़ोदिया में नलजल व्यवस्था ठप, पीने योग्य पानी नहीं

# ग्रामीणों को 6-7 दिन में मिल रहा मटमैला पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मोहन बड़ोदिया



नगर में नलजल योजना की व्यवस्था चरमरा गई है। यहां के निवासियों को 6 से 7 दिनों में एक बार पानी मिल रहा है, जो पीने योग्य भी नहीं है। ग्रामीण हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर हैं।

मोहन बड़ोदिया में कुंडलिया डैम से पानी टंकी में आता है, जिससे करीब 10 हजार से अधिक आबादी को पानी मिलता है। हालांकि, नलजल योजना के लिए बिछाई गई नई पाइपलाइन में पानी का दबाव (प्रेशर) नहीं बन पा रहा है।

**नलों से आने वाला पानी भी मटमैला होता**

कम दबाव के कारण लगभग 30 वाल्व लगाए गए हैं। यदि इन वाल्वों को नियमित रूप से खोला जाए, तो भी हर घर में चार दिन में एक बार पानी पहुंचेगा। वर्तमान में अनियमित आपूर्ति के कारण 6 से 7 दिनों में बिना दबाव के पानी मिल रहा है।

ग्रामीण जगदीश मालवीय ने बताया कि मोहन बड़ोदिया की नलखेड़ा रोड कॉलोनी में नलों से पानी बिना दबाव के आ रहा है। उन्होंने कहा कि पानी के दबाव के लिए 75 एमएम का पाइप लगाया गया है, जबकि 110 एमएम का पाइप होने पर बेहतर दबाव बनता। नलों से आने वाला पानी भी मटमैला होता है।

**कुंडलिया डैम की लाइन बंद कर दी गई**

विगत दो दिनों से कुंडलिया डैम से आने वाली पाइपलाइन से भी पानी नहीं आ रहा है। इस संबंध में ठेकेदार ने बताया कि सोमवार सुबह सारंगपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क पर बीएसएनएल की ओर से लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई थी, जिसके कारण कुंडलिया डैम की लाइन बंद कर दी गई है। मोहन बड़ोदिया के सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर पाटीदार ने बुधवार सुबह 10 बजे बताया कि लोगों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सरपंच के कुएं से पानी टंकी में छोड़ा गया और आज वाल्व खोले गए।

### आगर मालवा में नाबालिग 3 दिन से लापता

## परिजनों ने बड़ौद रोड पर जाम लगा कर प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा शहर की अर्जुन नगर कॉलोनी से तीन दिन से लापता 14 वर्षीय बालक के मामले में बुधवार सुबह परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बालक का कोई सुराग न मिलने से नाराज लोगों ने बड़ौद रोड स्थित अर्जुन नगर कॉलोनी के पास सड़क पर चक्का जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय अजय उर्फ बाबू पिता अशोक दर्जी 11 मई की शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

बाद में परिजनों ने कोतवाली थाने में बालक की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। तीन दिन बीत जाने के बावजूद बालक का पता न चलने से परिवार में गहरी चिंता और आक्रोश है। इसी नाराजगी के चलते बुधवार सुबह करीब 9 बजे परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और बालक की जल्द तलाश करने का आश्वासन दिया।

काफी देर तक चली समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात बहाल कराया गया। पुलिस फिलहाल विभिन्न संभावित स्थानों पर बालक की तलाश कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## कार की टक्कर से हुई ई-रिक्शा चालक की मौत

**टक्कर के बाद 15 मीटर घिसटाया, 2 युवतियां घायल**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में माता टेकरी के सीढ़ी मार्ग के समीप मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस हादसे में तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक निखिल लोधी की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो युवतियां घायल हो गईं। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर करीब 15 फीट तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल चालक निखिल को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में फिर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को निखिल का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## भेरू आश्रम कॉलोनी की पेयजल समस्या का हल

**खाचरौद।** नागदा रोड पर स्थित भेरू आश्रम कॉलोनी के रहवासी विगत लम्बे समय से पानी के कम प्रेशर से परेशान थे, जिस कारण उनके घरों में पेयजल की पूर्ति नही हो पा रही थी। इस संबंध में क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार शिकायतें की। जिस पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित कर क्षेत्र को नवीन लाइन से जोड़ने हेतु निर्देशित किया था। 4 मई को उक्त कॉलोनी को नवीन लाइन से जोड़कर प्रथम बार नवीन लाइन से जल प्रदाय पूरे प्रेशर के साथ किया गया। जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर हैं। तथा क्षेत्रवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं सम्पूर्ण परिषद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोविंद भरावा, उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, सभापति बाबू नागर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।





## नर्मदा-क्षिप्रा योजना बंद होने से गांवों में जल संकट गहराया

**देवास।** नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना के तहत देवास के उदयनगर के समीप सबलगढ़ गांव में स्थित पंप स्टेशन और मुहाडा घाट क्षेत्र में पिछले तीन माह से पानी की आपूर्ति बंद है। इसके कारण ग्रामीणों, किसानों और वन्यजीवों के सामने गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। इस समस्या को लेकर सीतावन उत्थान सेवा समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने योजना से जलप्रदाय पुनः शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि नर्मदा-क्षिप्रा योजना के अंतर्गत सबलगढ़ नाले और लोहाड नदी में दो स्थानों पर पानी छोड़ा जाता था। पिछले दो वर्षों से इस पानी से आसपास के क्षेत्रों में जल उपलब्धता बनी हुई थी। यह पानी जंगल के वन्यजीवों और ग्रामीणों के पालतू पशुओं की प्यास बुझाने के साथ-साथ 5 से 6 गांवों के किसानों को सीमित सिंचाई के लिए भी उपलब्ध होता था, जिससे उनका जीवनयापन होता था। हालांकि, विगत तीन माह से इन दोनों स्थानों पर पानी छोड़ा जाना बंद कर दिया गया है। इससे क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है, जिसके चलते तहसील मुख्यालय उदयनगर सहित इमलीपुरा और रामपुरा जैसे क्षेत्रों में भी पानी की समस्या बढ़ गई है।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में टूटा मंच



**देवास।** देवास जिले के हाटपीपल्या में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह के स्वागत कार्यक्रम के दौरान मंच टूट गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, स्वागत कार्यक्रम के लिए अस्थायी मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों की संख्या क्षमता से अधिक हो गई, जिससे मंच अचानक टूट गया। हादसे के समय टिकेंद्र प्रताप सिंह भी मंच पर मौजूद थे और उनका स्वागत किया जा रहा था। मंच टूटते ही कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। टिकेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को देवास स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद वे क्षेत्रीय दौरे पर निकले थे, जहां जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में संपन्न हुआ शर्कराधिवास एवं घृताधिवास

# वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञ में 2 हजार आहुतिया दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर के मालीपुरा क्षेत्र में वेदिक मंत्रोंचार के साथ यज्ञ में आहूतियां के साथ धर्म और आस्था की बयार बह रही है। सकल फूलमाली समाज द्वारा 8 मई से आयोजित श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं सप्त दिवसीय यज्ञ महोत्सव के तहत मंगलवार को शर्कराधिवास एवं घृताधिवास (शुद्ध घी में निवास) का मंगलकारी विधान विधि-विधान के साथ मालीपुरा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मशाला में संपन्न किया गया। धार्मिक विधान के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के विभिन्न चरणों में मूर्तियों के अधिवास का विशेष महत्व होता है।

इसी श्रृंखला में मंगलवार को प्रभु श्री राम, माता जानकी और लक्ष्मण जी के विग्रहों को शुद्ध शर्करा (शक्कर) एवं घृताधिवास(शुद्ध घी में निवास) में अधिवासित किया गया। विद्वान आचार्य पंडित वेदप्रकाश भटट एवं पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार शर्कराधिवास का अर्थ है भगवान को मधुरता में विराजित करना, जो भक्त के जीवन में वाणी, व्यवहार और भाव की मिठास का प्रतीक है। सकल फूलमाली समाज सुसनेर द्वारा आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन यज्ञ में आहूतियों के साथ भगवान का पूजन किया जा रहा है। इस आयोजन में भाग लेने वाले समाजजन पारम्परिक वेशभूषा में सजे नजर आए। मालीपुरा क्षेत्र को समाजजनों के द्वारा केसरिया ध्वजों से सजाया गया है।

**यज्ञशाला में गूँजे मंत्र**

मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ कुंड में 2 हजार से अधिक आहुतियां समर्पित की गईं। घी, सामग्री और जड़ी-बूटियों की सुगंध से पूरी यज्ञशाला महक उठी। विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में समाज की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना के साथ दी गई इन आहुतियों ने वातावरण में एक अलौकिक सकारात्मकता का संचार किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर धर्म लाभ लिया।

विशेष पूजन और अनुष्ठान के मुख्य यजमान पवन मंडावरा रहे। मंडावरा ने सपत्नीक मुख्य वेदी पर बैठकर शास्त्रोक्त विधि से पूजन संपन्न किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भूमि स्वामी) 01-श्री सुभाष पिता स्व. कैलाश, 02-श्री दिनेश जाट पिता स्व. कैलाश जाट, 03-श्रीमती लीलाबाई पति स्व. कैलाश, 04-श्री बापूलाल पिता स्व. ऊंकारजी, 05-श्री मनोहर पिता स्व. संकारजी, 06-श्री अर्जुनसिंह पिता स्व. ऊंकारजी, 07-श्री आशाराम पिता स्व. संकारजी, 08-श्रीमती द्रोपतीबाई पिता स्व. ऊंकारजी, 09-श्रीमती कमलाबाई जाट पिता स्व. ऊंकारजी, पति श्री आत्माराम जाट, 10-श्रीमती दुगार्बाई उर्फ लक्ष्मीबाई पिता स्व. कैलाशजी, पति श्री राधेकृष्ण, समस्त कृषक ग्राम पंथ पिपलई तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-488 (S) रकबा 1.5500 हेक्टर ग्राम पंथ पिपलई, प. ह. नं.-23 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का सौदा पूर्व में मेरे पक्षकार ने GOLDMAN ESTATES तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्रेय बडजात्या पिता श्री दिलीप बडजात्या, निवासी-5 शंकराचार्य मार्ग, शांतिनाथजी मंदिर, खाचरोद जिला उज्जैन (म. प्र.) से किया था। अनुबंध पत्र की शर्तों का पालन नही होने से मेरे पक्षकार एवं GOLDMAN ESTATES तर्फे अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता श्रेय बडजात्या के मध्य पूर्व में किया गया अनुबंध निरस्त हो गया है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का सौदा अन्य किसी भी व्यक्ति से करने हेतु स्वतंत्र है। सूचित हों। इति दिनांक-13.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड / मकान क्रमांक 34, ज्योती नगर नगर निगम कॉलोनी, उज्जैन को नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शशीकांत महेश्वरकर को 30 वर्ष के लिए दिनांक 22/12/1988 को लीज पर दिया गया था। श्री शशीकांत पिता श्री शंकरराव महेश्वरकर का स्वर्गवास दिनांक 16/08/2017 को हो गया है। उनकी मृत्यु उपरांत मुर्तिदेवी पत्नि शशीकांतजी महेश्वरकर, मोहित पिता श्री शशीकांतजी महेश्वरकर दोनो निवासीगण 27, रविशंकर नगर, उज्जैन अपने आपको स्वर्गीय श्री शशीकांतजी महेश्वरकर का उत्तराधिकारी होना बताकर लीज का नवीनीकरण करा लिया गया है। स्वर्गीय श्री शशीकांतजी महेश्वरकर का उक्त उत्तराधिकारीयों के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त भुखण्ड / मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 34, ज्योती नगर, नगर निगम कॉलोनी, उज्जैन क्षेत्रफल 96.00 वर्गमीटर को बंधक कर मुर्तिदेवी पत्नि शशीकांतजी महेश्वरकर, मोहित पिता श्री शशीकांतजी महेश्वरकर दोनो निवासीगण 27, रविशंकर नगर, उज्जैन को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 13/05/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-I Presiding Officer:

**सुश्री दीपिका यादव**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

(MIC SUC/0000025/2026)

**श्रीमती विमला मीणा------- आवेदक**

**Vs**

**सर्वसाधारण------- अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 16/06/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती विमला मीणा पति स्व. श्री सुरेश मीणा, आयु-60 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-125 माझलया पाडा, केमला करोली राजस्थान, हाल मुकाम - 4 कंचन विहार नीलगंगा उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदिका के पति सुरेश कुमार मीणा जो कि पश्चिम रेल्वे मण्डल कार्यालय रतलाम के द्वारा उज्जैन रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म क्र. 1 पर टी/फुड स्टॉल खादय सामग्री विक्रय किये जाने हेतु साथ ही ट्राली नं. 12 व 13 के संचालन करने का लायसेंस जारी किया जाकर प्लेट फार्म क्रं. 1 पर टी/फुड स्टॉल खादय सामग्री विक्रय किये जाने हेतु साथ ही उक्त ट्राली नं. 12 व 13 के संचालन के लिये अधिकृत किया गया था। विभाग द्वारा जारी लायसेंस के आधार पर सुरेश मीणा के द्वारा स्टॉल एवं ट्रालियों का संचालन कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। सुरेश मीणा द्वारा उक्त ट्रालियों के संचालन हेतु क्रमशः 1- टी/फुड स्टॉल के लिये राशि 4,10,496/- रुपये, 2- ट्राली क्रं. 12 के लिये राशि 2,15,960/-रुपये, 3- ट्राली क्रं.13 के लिये राशि 2,19,528/- रुपये इस प्रकार कुल राशि 8,45,984/- रुपये जमा कराई गई। आवेदिका के पति सुरेश मीणा की दिनांक 20/05/2020 को देहांत हो जाने के कारण आवेदिका द्वारा पश्चिम रेल्वे मण्डल कार्यालय रतलाम के द्वारा उज्जैन रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म क्रं.1 पर टी/फुड स्टॉल खादय सामग्री विक्रय किये जाने हेतु साथ ही उक्त ट्राली नं. 12 व 13 के संचालन हेतु सम्पर्क किया गया तो रेल्वे विभाग द्वारा आवेदिका को वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक वाणिज्य शाखा मण्डल रेंज प्रबंधक कार्यालय दो बत्ती रतलाम मप्र 457001 के द्वारा जारी पत्र क्रमांक WR-RTMOCOMM(0045)/210/2020(14648) दिनांक 24/03/2026 के पत्र में विभाग द्वारा आवेदिका को न्यायालय से वैध उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित किये जाने पर न्यायालय के समक्ष उक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। मृतक सुरेश मीणा की पत्नी आवेदिका प्रथम उत्तराधिकारी एवं पुत्र अनावेदक क्र. 2 मोहित एवं अनावेदक क्रं. 4 रोहित पिता स्व. सुरेश मीणा है तथा अनावेदक क्रं.3 नेहा पति शशिकांत मीणा पुत्री स्व. सुरेश मीणा है। प्लेट फार्म क्र.1 पर टी फुड स्टॉल खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने हेतु साथ ही ट्राली नं. 12 व 13 का संचालन मृतक की पत्नि आवेदिका के द्वारा नियमित रुप से किया जा सके इस हेतु अनुमति दिये जाने में अनावेदक क्रं. 2,3 एवं 4 की पूर्ण सहमति एवं उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। आवेदिका पता ने मृतक सुरेश मीणा निवासी-4 कंचन विहार नीलगंगा उज्जैन म प्र की उज्जैन रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म क्रं.1 पर टी/फड स्टॉल खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने हेतु साथ ही टाली नं. 12 व 13 के संचालन किये जाने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 जून को 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 25 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री दीपिका यादव)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के**
**द्वितीय अति. न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## न्यूज कॉलम



### राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

**मन्दसौर।** गुजरात के सूरत में आयोजित तीसरी जूनियर वर्ग राष्ट्रीय पिट्ठू (सितोलिया) प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव गगन कुरील के अनुसार, मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के आतिफ पिता आमिर और पीयूष पिता संजय त्रिवेदी ने अपने शानदार खेल कौशल के दम पर स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं। मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष विजय कोठारी एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा आदि ने खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### लायंस क्लब के झोन चेयरमैन नियुक्त हुए संजय पारिख

**मन्दसौर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल ने आगामी सत्र 2026-27 के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है, जिसमें लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के वर्तमान अध्यक्ष संजय पारिख को झोन चेयरमैन (झोन 2) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय पारिख के नेतृत्व में क्लब ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और निर्धन सहायता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह पदोन्नति दी गई है।



### स्वास्थ्य सुविधाओं और गौचर भूमि के लिए शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**मन्दसौर।** शिवसेना ने मंदसौर की जनहितैषी मांगों को लेकर गांधी चौराहा पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश प्रमुख सुनील शर्मा के नेतृत्व में की गई इस मांग में जिला चिकित्सालय में एसडीपी मशीन, सोनोग्राफी मशीन और स्थाई डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति की बात कही गई है। इसके साथ ही सीतामऊ तहसील के तीतरोद गांव में गौशाला की गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की भी मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर इन मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो जिला चिकित्सालय में धरना प्रदर्शन और भोपाल में जल सत्याग्रह किया जाएगा।

### जिले की लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित हुए 39.05 करोड़ रुपये

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी कर दी है। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंदसौर के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में देखा गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने बताया कि मंदसौर जिले की 2 लाख 60 हजार 396 लाड़ली बहनों के खातों में 39.05 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी गई है। योजना के तहत बढ़ती सहायता राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया कि शुरूआत में दी जाने वाली 1,000 रुपये की राशि अब नवंबर 2025 से बढ़कर 1,500 रुपये प्रतिमाह हो गई है। इस आर्थिक सहयोग से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है।

### शुद्धिकरण अभियान के तहत शिवना से निकाली गंदगी

**मंदसौर।** जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ जारी शुद्धिकरण अभियान के 114वें दिन भारी उत्साह देखा गया। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में नदी से दो ट्राली कचरा, प्लास्टिक और गाजर घास निकाली गई। विधायक जैन ने इस अवसर पर कहा कि शिवना को साफ रखना हर मंदसौरवासी की सामूहिक जिम्मेदारी है और यह प्रयास निरंतर जारी रहना चाहिए। अभियान में सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों और विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रमदानियों के उत्साहवर्धन के लिए महिला प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें धूप से बचाव हेतु कैप भी वितरित किए गए।

### एमपी सेट परीक्षा में तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (एमपी सेट) में मंदसौर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी दी कि गणित विषय के तीन छात्र-छात्राओं, पियुषिका गेहलोत, ज्योतिकुंवर पंवार और चेतन सोनी का चयन सहायक प्राध्यापक पद की पात्रता हेतु हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, डॉ. टी.के. झाला एवं प्राध्यापकों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### 17 से गूंजेंगे स्वामी केशवानंद जी के प्रवचन

मन्दसौर। आगामी 17 मई से प्रारंभ हो रहे पुरुषोत्तम (अधिक) मास के पावन अवसर पर मंदसौर के खानपुरा स्थित केशव सत्संग भवन में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया ने बताया कि इस वर्ष अकोला के पूज्य पाद 1008 केशवानंद जी महाराज का आगमन हो रहा है। महाराज श्री द्वारा 17 मई से 31 मई तक प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 10 बजे तक नारद भक्ति सूत्र पर दिव्य प्रवचनों की वर्षा की जाएगी।

# 30 मजदूरों से भरा ओवरलोड ऑटो पलटा, 15 वर्षीय किशोरी की दबने से मौत, 6 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के सैलाना क्षेत्र स्थित सकरावदा में बुधवार सुबह 7.30 बजे एक ओवरलोड ऑटो पलटने से 15 वर्षीय बालिका की दबकर मौत हो गई। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ऑटो में क्षमता से अधिक करीब 25 से 30 मजदूर सवार थे। तेज गति और ओवरलोड होने के कारण मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ।

जानकारी के अनुसार, ऑटो रिक्शा बुधवार सुबह ग्राम फूफीरुंडी से मजदूरों को लेकर सकरावदा होते हुए सैलाना जा रहा था। सुबह करीब साढ़े सात बजे ऑटो सकरावदा के इमली चौक के पास, पूर्व सरपंच वागजी खराड़ी के घर के सामने एक मोड़ पर पहुंचा। गति अधिक होने और क्षमता से ज्यादा वजन होने के कारण चालक स्टेयरिंग से अपना नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पलट गया।



**ग्रामीणों ने घायलों को निकाला**

हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर दौड़े और ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसे में फूफीरुंडी निवासी 15 वर्षीय कविता (पिता सूरज खराड़ी) की ऑटो के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

**3 गंभीर घायल सैलाना अस्पताल रेफर**

दुर्घटना में कुल 6 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 3 घायलों को सकरावदा के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय कालीबाई (पति मोहन मईड़ा) और 35 वर्षीय रेखा (पति शंकर खराड़ी) का उपचार सैलाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं।

सैलाना थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो पर दो दिन पहले ही ओवरलोडिंग को लेकर 15 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की थी। थाना प्रभारी ने कहा, चालान कटने के बावजूद चालक ने अनदेखी की और वाहन में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर ले जा रहा था। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

**2 मई को भी 50 मजदूरों से भरी बोलेरो गिरी थी खाई में**

क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के कारण हादसे लगातार हो रहे हैं। इससे पहले 2 मई को पिपलौदा थाना क्षेत्र के आंबा के पास सुबह करीब 50 मजदूरों से भरी एक बोलेरो रिवर्स लेते समय खाई में गिर गई थी। यह हादसा नवदुर्गा पूनयाखेड़ी रोड फंटे पर यू-टर्न लेने के दौरान हुआ था, जिसमें दो महिलाओं को हल्की चोटें आई थीं। हादसों के बाद प्रशासन एक-दो दिन चालानी कार्रवाई करता है, लेकिन बाद में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही फिर शुरू हो जाती है।

रतलाम विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर

## युवा समाजसेवी प्रवीण सोनी का श्रीमद् भगवत गीता पर्व सप्ताह न्यास ने किया अभिनंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात शहर की कई सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं ने मेरा अभिनन्दन किया लेकिन आज स्वर्णकार समाज एवं श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह न्यास के पदाधिकारियों द्वारा जो आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ उसे मैं भुलाए नहीं भूल सकता हूं आशीर्वाद पाकर मैं धन्य हो गया, अभिभूत हूं आप लोगों के स्नेह और आशीर्वाद से मेरे कार्यकाल को उपलब्धि भरा स्थापित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। आप लोग मुझे जो कोई भी कार्य सौंपेंगे मैं उसे पूरा करने हेतु कटिबद्ध रहूंगा यह बात क्रष्ठ के नवनियुक्त उपाध्याय प्रवीण सोनी ने कही वह भरावा की कुई स्थित श्री शेष नारायण मंदिर पर अभिनन्दन समारोह में बोल रहे थे।



सोमवार को श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह न्यास द्वारा प्रवीण सोनी का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह में, मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी समाज, महिला मंडल, युवा मंच के पदाधिकारियों और ट्रस्टी मौजूद थे। शुभारंभ भगवान शेषनारायण तथा अन्य विराजित भगवान की पूजा-अर्चना के साथ हुआ तत्पश्चात उपस्थित समाजजनों युवा तथा मातृशक्ति ने प्रवीण सोनी का अभिनन्दन करते हुए आशीर्वाद दिया।

न्यास संस्थापक नवनीत सोनी ने समाजहीत में समाज के आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ जी की शहर में प्रतिमा स्थापित करवाने में समाजजनों को सहयोग करने हेतु प्रवीण सोनी को निवेदन किया। सभा को रमेश सोनी सचिव ने संबोधित करते हुए सराफा बाजार में स्वर्णकार समाज के आराध्य देव अजमीढ़ जी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने पर जोर दिया। अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, सचिव रमेश सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, संजय सोनी, संतोष सोनी, अशोक सोनी, शैलेष जलोतिया, लक्की सोनी, विनोद सोनी, मुकेश सोनी, जगदीश सोनी, मोहित सोनी, संदीप सोनी, मोतीलाल सोनी, राजेन्द्र सोनी, राजेश सोनी, राजेन्द्र सोनी, भुपेंद्र सोनी, परसराम सोनी, श्रेय सोनी, शैलेन्द्र सोनी, श्रीमती कृष्णा देवी सोनी, सावित्री देवी सोनी, वंदना सोनी, मंजू देवी सोनी, शीतल देवी सोनी, अंजलि देवी सोनी, प्रतिभा देवी सोनी, शशी देवी सोनी, गायत्री देवी सोनी, ज्योति देवी सोनी, गायत्री देवी सोनी, अमितख देवी सोनी, संगीता देवी सोनी, उर्मिला देवी सोनी, पुष्पा देवी सोनी, डिम्पल देवी सोनी, शारदा सोनी, संगीता सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। संचालन अरविन्द सोनी ने तथा आभार इंदर सोनी ने माना।

## एआईओसीडी के आव्हान पर 20 मई को आनलाइन फामेर्सी के विरोध में बंद रहेगी दवा दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

ऑल इंडिया ऑगेनाईजेशन ऑफ केमिस्टस एव ड्रगिस्टस ने आनलाइन फामेर्सी के विरोध में 20 मई को दवा व्यवसाय बंद रखने का निर्णय लिया है। एआईओसीडी के इस आव्हान पर रतलाम जिले में भी सभी आनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध स्वरूप सभी दवा दुकानें बंद रहेगी। बंद की तैयारियों को लेकर जिला औषधि विक्रेता संघ की बैठक में बंद पूरी तरह सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

जिला औषधि विक्रेता संघ ने बंद के आव्हान और आम जन को इसकी जानकारी देने के लिए हर दुकान पर पोस्टर लगाने का निर्णय भी लिया है। इस पोस्टर का बैठक में विमोचन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष जय छजलानी ने की। उन्होंने बताया कि दवा व्यवसाय आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आता है, इसलिए संघ द्वारा सभी दवा दुकानों पर बंद की सूचना चस्पा कर आम लोगों से एक दिन पूर्व ही आवश्यक दवाएं खरीद लेने का आव्हान किया जाएगा। जिला प्रशासन को भी संघ ने बंद की सूचना देने का निर्णय लिया है, ताकि वह आवश्यक प्रबंध कर सके। बैठक में संघ के सचिव अजय मेहता ने पिछली बैठक में निर्णयों के क्रियान्वयन की जानकारी दी। इस दौरान उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जैन भी मंचासीन रहे। बैठक में संघ की कार्यकारिणी के सभी सदस्यगण मौजूद थे। उन्होंने 20 मई को ऑनलाइन दवा बिक्री , अव्यवस्थित नियमों एवं बडे कॉर्पोरेट हस्तक्षेप के विरोध में आयोजित दवा व्यापार बंद रखने का आव्हान किया।

## मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर कांग्रेस का हमला

**रतलाम।** कांग्रेस प्रवक्ता रश्मि सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए केंद्र सरकार की आर्थिक एवं विदेश नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है।

रश्मि सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले ही आर्थिक संकट की आशंका जताई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में जनता से किए गए विभिन्न संकल्पों को सरकार की नाकामी का प्रमाण बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, सोना-चांदी और हवाई यात्रा महंगी करने की तैयारी में है। सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसका असर आम परिवारों और विशेष रूप से शादी-विवाह पर पड़ेगा। रश्मि सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता, सरकारी संसाधनों और एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।

## दो बाइकों की भिड़ंत, दो मौसेरे भाई घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय संजीत रोड पर मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें दो मोटरसाइकिलों की आपसी भिड़ंत में दो मौसेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीमच जिले के हाड़ी पिपलिया निवासी विशाल (26) और रंजीत (22) वर्तमान में मंदसौर के ग्राम गन्नई में ईंट भट्टों पर मजदूरी का कार्य करते हैं। मंगलवार रात जब दोनों भाई अपनी बाइक से दूध लेने के लिए निकले थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें सिर, मुंह, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।दोनों घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

## जल भराव निराकरण हेतु नीमच सिटी में नाली निर्माण का भूमि पूजन

### विधायक परिहार,नपा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व अन्य अतिथि रहे उपस्थित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

नीमच सिटी के पीपली चौक में बारिश के दिनों में होने वाली जल भराव की समस्या के निदान हेतु बुधवार 13 मई को विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा में 17.39 लाख की लागत से बनने वाली दो अलग अलग नाली के निर्माण का भूमि पूजन अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद, नपा सभापति दारासिंह यादव, पार्षद राकेश किलोरिया, केदार राठौर, रामचंद्र धनगर, रूपेंद्र लोक्स, योगेश कवीश्वर, एल्डरमैन मनीष बेंस, श्रीमती अरुणा तलरेजा आदि भी मंचासीन थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने नीमच सिटी सहित संपूर्ण शहर व विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं आगामी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 60 सालों में जीतना विकास नहीं हुआ उतना भाजपा के शासन में हो रहा है। श्री परिहार ने कहा कि नीमच शहर में बहन स्वाति चोपड़ा के नेतृत्व में चंहु और विकास कार्य हो रहे हैं एवं स्वच्छता के मामले में भी परिषद अच्छा कार्य कर रही है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि विधायक जी के नेतृत्व में नगर पालिका शहर में चोड़ी सड़कों का निर्माण, बगीचों का सौंदर्यकरण, नालियों का निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों के माध्यम से शहर का विकास करने में लगी है, पिपली चौक में जल भराव की समस्या का निराकरण करने के लिएआज नाली निर्माण का भूमि पूजन किया जा रहा है जिससे जल भराव की समस्या का निदान होगा और स्वच्छ वातावरण निर्मित होगा, श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हमने पिछली बार पूरे देश में 15 वा स्थान प्राप्त किया था और इस बार भी हम और बेहतर स्थान प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें जनता को बस इतना सहयोग करना है कि वह अपने घर और संस्थान का कचरा नाली या सड़क पर नहीं फेके और अगर कोई फेकता है तो उसे रोको टोको अभियान के तहत नाली व सड़क पर कचरा फेंकने से रोके और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें। स्वागत भाषण देते हुए मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव ने अपने वार्ड सहित नीमच सिटी में हुए विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा (बबलू) ने किया एवं आभार पार्षद राकेश किलोरिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौरसिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजय बाफना, वीरेंद्र जायसवाल, पूर्व पार्षद डॉ महिपाल सिंह चौहान, रमेश फौजी, श्रीमती हेमलता परिहार, रमेश राठौर,राजेश बैरागी, सतीश ग्वाला, नितेश टांकवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष उपस्थित थे।



### हरजानी परिवार ने प्याऊ बनवाकर अस्पताल को समर्पित की

**पिपलीया मंडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बनी प्याऊ में पानी की समस्या को लेकर सोशल मिडिया में खबर आने के बाद मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया,भेरूपप्पू गुर्जर आदि ने अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में ट्यूबवेल में जलस्तर तेजी से घट रहा है मरीजों एवं अटेंडरों के लिए भी कभी कभी समस्या आती है।एक पानी की टँकी ओर रखने से होगी समस्या हल। शर्मा मंडी के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री शंकरलाल जी हरजानी से चर्चा कर एक ओर पानी की टँकी रखने की बात कही जिस पर से हरजानी ने कल ही एक टँकी ओर प्याऊ पर रखने की बात कही है। ज्ञात हो हरजानी परिवार ने प्याऊ बनवाकर अस्पताल को समर्पित की थी।

### सांवरिया मंदिर की वर्षगांठ पर चार दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन

**पिपलिया मंडी।** श्री राधा कृष्ण गौशाला बरखेड़ा पंथ परिसर में स्थापित श्री सांवरिया सेठ मंदिर की 18 मई 2026 को प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में चार दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम 14 मई से आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति ने बताया है कि 14 मई से 18 मई तक विशाल मेला, 15 मई को सायं 7 बजे भजन संध्या, 16 मई को सायं 7 बजे संगीत मय सुंदरकांड 17 मई को शाम 7 बजे दिव्य सत्संग एवं 18 मई को प्रातः 8 बजे गोपाल महायज्ञ पूणार्हुति तत्पश्चात महाप्रसादी का आयोजन रहेगा। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ ले।

### होटल पर नकली नोट चलाते 2 युवकों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय कृषिउपज मंडी के कैंटीन में नकली नोट चलाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दो युवक कृषि मंडी में होटल पर सामान लेने पहुंचे थे, जहां उन्होंने भुगतान के दौरान संदिग्ध नोट दिए। होटल संचालक सूर्यपाल सिंह शक्तावत निनोरा को नोटों पर शक होने पर व सिसिटीवी कैमरे घोर से दरखने के बाद उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। प्राथमिक जांच में पुलिस नकली नोटों की सत्यता और आरोपियों के नेटवर्क की जांच में जुट गई है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी क्षेत्र में पहले भी नकली नोट चला चुके हैं या नहीं। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। उपरोक्त विषय में पुलिस का कहना है कि नकली नोट चलाने वाले तो नहीं दिख रहे हैं। जो नोट इनके द्वारा दिए गए वह पानी में भीगे हुए होने के कारण नकली जैसे लग रहे थे। फिर भी तहकीकात कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया,छोटेलाल सैनी आदि भी मौके पर पहुंचे व शक्तावत की जागरूकता की प्रशंसा भी की।कांग्रेसनेताओ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नकली नोटों के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाना चाहिए।

### महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने किया आरडीए अध्यक्ष का सम्मान

**रतलाम।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल के प्रतिनिधि मंडल ने शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री श्री मनोहर जी पोरवाल के रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर उनके टीआईटी रोड स्थित निवास पर मुलाकात कर बधाई दी एवं शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जैन ने बधाई देते हुए श्री मनोहर जी पोरवाल के मनोनयन पर शहर विधायक एवं एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य जी कश्यप का आभार व्यक्त किया और विश्वास व्यक्त किया कि निश्चित ही श्री मनोहर जी पोरवाल के नेतृत्व में रतलाम शहर विकास पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। इस अवसर पर श्री पोरवाल ने बताया की रतलाम विकास प्राधिकरण, शहर को शीघ्र ही शहर की सबसे बड़ी और विकसित कॉलोनी की सौगात प्रदान करेगा और साथ ही रतलाम विकास प्राधिकरण के माध्यम से शहर में सौंदर्यीकरण के भी कई कार्य किये जाएंगे। मनोहर पोरवाल का स्वागत एवं सम्मान संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जैन, संस्थापक सचिव महेंद्र छाजेड़, विशाल वर्मा, राजेंद्र मूणत एवं शुभम भंडारी ने किया। संस्थापक सचिव महेंद्र छाजेड़ ने आभार व्यक्त किया।




## 12वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

**ब्यावरा।** ब्यावरा-राजगढ़ में पहली बार आयोजित हुई 12वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन 8 से 10 मई तक मां अंजना रिसोर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 305 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि अमित शर्मा उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों के रूप में गोपाल बादशाह, इंदर सिंह लववंशी, राजू यादव, अभय श्रीवास, अक्षय शर्मा, सैफी सर एवं मंच संचालनकर्ता जफर सैफी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर, प्री-टीन, सिंगा एवं मकान वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में अपना स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में राजगढ़ जिला ओवरऑल चैंपियन रहा, जबकि सीनियर वर्ग में देवास जिला ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। टूर्नामेंट में टेक्निकल डायरेक्टर की भूमिका भूमिका जैन एवं मुख्य रेफरी दिशा रेड्डी रहीं। पेंचक सिलाट एसोसिएशन राजगढ़ के सचिव धर्मराज दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्ण पदक प्राप्त जूनियर खिलाड़ियों का चयन महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जबकि सीनियर खिलाड़ियों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता शिलांग में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामचंद्र दांगी उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों के रूप में चंदर सिंह , अबरार अहमद शेख अध्यक्ष पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्यप्रदेश, पुरुषोत्तम दांगी, गौरव अग्रवाल, विष्णु दांगी एवं समस्त वरिष्ठ खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्य-सर्किल नंबर 34 की सबसे लंबी एचएल बी के मकानों का पूर्ण हुआ सूचीकरण



**महिदपुर रोड।** नगर में जन गणना कार्य के दौरान सर्किल नंबर 34 के प्रगणक अजय शंकर दंडोतिया 209 द्वारा सबसे लंबी एचएल बी लगभग 4 कि मी परिधि के मकानों के सूचीकरण का कार्य सुपरवाइजर अशोक पोरवाल के निर्देशन में पूर्ण किया गया। यह सर्किल नंबर 34 की महिदपुर रोड नगर की सबसे लंबी एचएल बी रही यहां कुल 369 मकान है काफी दूर-दूर निर्मित होकर बसे हुए हैं यहां कान्हा गुर्जर की कॉलोनी से नागदा चौराहा एवं नागदा चौराहे से सीधे रोड पर गोगापुर से आगे कृषि भूमि खेत में निर्मित गोगापुर उप सरपंच मांगी लाल आंजना के खेत पर पूर्ण हुई सर्वेक्षण के दौरान महिदपुर विधाय क प्रतिनिधि राहुल जैन बोथरा, उप सरपंच मांगीलाल आंजना, बालू सिंह आंजना, सुमित आंजना एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर 54 में नगर निगम एवं पी एच ई की लापरवाही से दुर्घटना का खतरा



**चंदेसरा।** वार्ड क्रमांक 54 के नागझिरी एवं अभिलाषा कॉलोनी चौराहे नगर निगम एवं पीएचई विभाग की लापरवाही से प्रतिदिन क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही है। नागझरी उद्योगपुरी चौराहे पर सिवरेंज एवं पेयजल पाइपलाइन फूटी होने से दूषित पानी पेयजल में मिल रहा है इस हेतु एक बड़ा गड्ढा खोदा गया था जिसे शीघ्र ही दुरुस्त किया जाना जरूरी था लेकिन खुदाई के बाद लंबे समय तक इसे अनदेखा कर छोड़ दिया गया इसी प्रकार अभिलाषा कॉलोनी के में चौराहे पर भी फूटी हुई पाइपलाइन को दुरुस्त करने हेतु एक माह पूर्व एक बड़ा गड्ढा खोदा गया उसे अनदेखा कर छोड़ दिया गया उपरोक्त दोनों स्थान उज्जैन देवास मुख्य मार्ग पर है और इन्हीं चौराहे पर यातायात का दबाव बना रहता है जिस वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती लेकिन संबंधित ठेकेदारों पर विभाग के आला अधिकारियों की छत्रछाया होने के कारण कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार है जिससे क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुमनबाई वाघेला से उक्त समस्याओं के संबंध में चर्चा करने पर बताया गया कि विभाग अधिकारी एवं ठेकेदारों की मनमानी की वजह से यह काम विलंबित होता जा रहा है इस कार्य को पूर्ण करना अति आवश्यक है अन्यथा किसी भी वक्त कुछ भी बड़ी घटना हो सकती है।

## सारंगपुर में मुस्लिम समाज के 32 जोड़ों का निकाह 17 मई को होगा

**सारंगपुर।** समस्त मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन इज्तिमाई शादी कमेटी के तत्वाधान में आगामी 17 मई रविवार को आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए इज्तिमाई शादी कमेटी संस्थापक एजाज यादें एवं मुस्ताक अंसारी ने बताया कि इज्तिमाई शादी कमेटी के तत्वाधान में 17 मई को होने वाले समस्त मुस्लिम समाज के 11वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सारंगपुर में होगा। यादें ने बताया कि समाज को शादी ब्याह में होने वाली फिजुल खर्ची से बचाने के लिए लगातार 10 बार सफलतापूर्वक सम्मेलन संपन्न हो चुका है यह 11वीं बार है। इसमें 32 जोड़ों ने निकाह के लिए पंजीयन कराए है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हर वर्ष एक ही मंच पे इज्तेमाई निकाह कर दहेज प्रथा रोकने के लिए फिजूल खर्ची से बचने के लिए किया जाता है। इसमें दूल्हा दुल्हन को घर गृहस्ती का समान भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार गर्मी के चलते यह विवाह सम्मेलन रात्रिकालीन रहेगा और आकोदिया रोड ब्रिज के पास गार्डन में आयोजित किया जाएगा।

# संकल्प से सुधार : आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निकिता की मेहनत ने दी नवजात को नई जिंदगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर





महिला एवं बाल विकास परियोजना महिदपुर क्रमांक 02 के आंगनबाड़ी केंद्र नलखेड़ा 2 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती निकिता शर्मा के द्वारा बताया गया की महिदपुर-2 ग्रामीण क्षेत्र में काम करते हुए मेरा हमेशा से यह लक्ष्य रहा है कि मैं अपने क्षेत्र के बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार ला सकूँ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निकिता शर्मा बताती हैं कि उनके कार्यों की सफलता में महिदपुर-2 की परियोजना अधिकारी श्रीमती रीना सोलंकी के कुशल नेतृत्व और सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री पदमा लोधवाल की सतत मॉनिटरिंग एवं प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के कारण ही जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना संभव हो पाया है।

### प्रशिक्षण से मिली नई दृष्टि

इस सेवा यात्रा को एक नई दिशा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उज्जैन जिले में शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट संवर्धन' से मिली। इस प्रोजेक्ट के तहत निकिता को आईआईटी मुंबई' द्वारा 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य बाल जीवन रक्षा और कुपोषण मुक्त समाज की दिशा में कार्य करना था। निकिता ने इस सीख को पूरी निष्ठा के साथ धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

### एक चुनौती, जो बन गई सफलता की कहानी

प्रशिक्षण के बाद निकिता का सामना एक बेहद कमजोर नवजात शिशु से हुआ। जन्म के समय उस बच्चे का वजन मात्र 2.500 किलोग्राम और लंबाई 48 सेमी थी। बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए निकिता ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। उन्होंने बच्चे की माता को सही तरीके से स्तनपान कराने के महत्व को समझाया और प्रतिदिन 'होम विजिट' कर यह सुनिश्चित किया कि शिशु को उचित पोषण मिल रहा है। निकिता की निरंतर समझाइश और माँ के अटूट प्रयासों का सुखद परिणाम जल्द ही सामने आने लगा।

### रंग लाई मेहनत: स्वास्थ्य में हुआ बड़ा सुधार

अधिकारियों के मार्गदर्शन और निकिता की मेहनत का ही परिणाम था कि मात्र 1 माह और 20 दिन के भीतर उस शिशु का वजन बढ़कर 5.140 किलोग्राम हो गया और लंबाई 58 सेमी तक पहुँच गई। बच्चे के स्वास्थ्य में आया यह सुधार क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन गया है।

### जिले में प्राप्त किया विशेष स्थान

निकिता शर्मा ने अब तक 9 एक्टिव केस (गंभीर मामले) सफलतापूर्वक सुलझाए हैं। उनकी इसी उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण उनका नाम उज्जैन जिले की 'फर्स्ट मास्टर ट्रेनर' की सूची में प्रथम स्थान पर शामिल किया गया है।

कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित हुआ विदाई समारोह

# सेवानिवृत्ति पर मंडी कर्मचारियों का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में लंबे समय तक उपयंत्री के रूप में सेवाएं देने वाले दिनेश गुप्ता एवं पूर्व कर्मचारी विष्णु प्रसाद परमार की सेवानिवृत्ति पर मंडी प्रांगण में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सोनी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में व्यापारी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, गोपाल गोयल एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संदीप सणस मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष अग्रवाल ने किया।

पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सोनी ने उपयंत्री दिनेश गुप्ता के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में मंडी परिसर में कई उल्लेखनीय कार्य किए तथा अपने व्यवहार और कार्यशैली से सभी के बीच लोकप्रिय रहे। उन्होंने विष्णु प्रसाद परमार के योगदान को भी स्मरणीय बताया। समारोह को संबोधित करते हुए व्यापारी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, गोपाल गोयल एवं देवेंद्र तिवारी ने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों के कार्यकाल की प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में दिनेश गुप्ता ने सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सोनी एवं मंडी कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी सचिव योगेंद्र सिंह मेवाड़ा, लेखपाल दिनेश रावत, श्याम नेमा, नितेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आत्मकल्याण के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा : प्रवर सागर महाराज

**सारंगपुर।** महावीर अतिशय क्षेत्र बडा मंदिर में आयोजित धर्मसभा में दिगंबर जैन संत मुनि प्रवर सागर महाराज ने आत्मकल्याण, वैराग्य और धर्म के वास्तविक स्वरूप पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि आत्मकल्याण के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है और सच्ची श्रद्धा, भक्ति तथा वैराग्य से ही मोक्ष मार्ग संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति संसार की वस्तुओं को महत्व देता है, लेकिन आत्मा की बात को नहीं समझता, जबकि आत्मा और शरीर दोनों अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा कि वैराग्य आने में समय नहीं लगता, वह पलभर में भी जागृत हो सकता है। मनुष्य पर्याय मिलने के बाद भी यदि व्यक्ति आत्मकल्याण नहीं कर पा रहा है, तो यह सबसे बडा दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि धर्म कोई प्रदर्शन या नाटक नहीं, बल्कि मोक्ष प्राप्ति का सच्चा मार्ग है। आज व्यक्ति स्वयं तो सुख चाहता है, लेकिन दूसरों को दुख देने से पीछे नहीं हटता। समाज में व्यक्ति का मूल्य उसके संस्कार और विचारों से होना चाहिए, लेकिन वर्तमान समय में फैशन और दिखावे के आधार पर लोगों का आकलन किया जा रहा है। व्यवहारिक जीवन पर संदेश देते हुए कहा कि कहीं भी बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। जहां बिना बुलाए जाओगे, वहां सम्मान नहीं मिलेगा, जबकि निमंत्रण पर जाने से आदर प्राप्त होता है। यह केवल सामाजिक मयार्दा ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान से भी जुडा विषय है।

## अनुपस्थित कर्मचारियों पर वेतन कटौती के निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जनपदों के प्रभारी एवं ऑपरेटरों को उपस्थित होकर लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान शिकायतों के निराकरण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ जनपद के अनुपस्थित कर्मचारी नीरज सिंह, रघुवीर सिंह चौहान, भानु सिंह खीची, प्रेमनारायण वर्मा, राजेंद्र दांगी, आर.आर. वर्मा, पवन वर्मा, अम्बाराम, एम.एल. दांगी एवं श्रीमती उर्मिला बाथम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके एक दिवस के वेतन काटने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा दिए गए। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

दु:ख की घड़ी में संबल बनी पांदा पंचायत:

# पीडित परिवार को सरपंच सोनगरा ने प्रदान की अंत्येष्टि सहायता राशि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



ग्रामीण क्षेत्र में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने की दिशा में जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पांदा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। ग्राम पांदा में शोकाकुल परिवार की मदद करते हुए शासन की अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी सुनील पिता प्रेमनाथ के परिवार में हुई दुखद क्षति के बाद, परिवार को तत्काल राहत पहुँचाने के उद्देश्य से अंत्येष्टि सहायता राशि सौंपी गई। इस दौरान सरपंच दीपसिंह सोनगरा ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में अंतिम संस्कार आदि के लिए त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि दुःख की इस घडी में उन पर आर्थिक बोझ न पडे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत पांदा के सरपंच दीप सिंह सोनगरा एवं सचिव लखन भिलाला ने पीडित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत हर परिस्थिति में ग्रामीणों के साथ खडी है और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। इस मानवीय कार्य के दौरान सरपंच और सचिव के साथ ग्राम के वरिष्ठ जन और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से रोजगार सहायक रामबाबू गुर्जर, रघुराज सिंह राजपूत, रघुनंदन सिंह राजपूत, मोहनलाल गुर्जर आदि शामिल थे। उपस्थित सभी जनों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की है, जिससे पीडित परिवार को समय पर मदद मिल सकी।

मामला फायरिंग का.. झूठी एफआईआर की निष्पक्ष जांच की मांग, ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अक्षय बेस को सौंपा ज्ञापन

# मोबाइल लोकेशन व सीसीटीवी जांच कराने की उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



थाना क्षेत्र में दर्ज एक प्रकरण को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना पहुंचे और थाना प्रभारी अक्षय बेस को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके परिवार के सदस्यों को षड्यंत्रपूर्वक झूठे मामले में फंसाया गया है।मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दिया तथा उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन मांगूसिंह पिता नारायणसिंह निवासी ग्राम कबीरी तहसील डग जिला झालावाड़ राजस्थान एवं बद्रीलाल पिता रामलाल निवासी ग्राम रामगढ़ खेराना तहसील सुसनेर द्वारा सौंपा गया। आवेदन में बताया गया कि 15 फरवरी 2026 को कीटखेड़ी डेम पर हुई फायरिंग की घटना में उनके पक्ष के लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त प्रकरण में लगातार राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन जब उन्होंने समझौता करने से इनकार किया तो बदले की भावना से झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विष्णु गुर्जर द्वारा ईश्वरसिंह, हेमराज सहित अन्य लोगों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।आवेदनकताओं ने कहा कि जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है वे घटना के समय अलग-अलग स्थानों पर मौजूद थे। इसके समर्थन में शादी समारोह की वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटो, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान उपलब्ध होने की बात कही गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हेमराज घटना के समय अपने भांजे की शादी में शामिल था जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं ईश्वरसिंह के संबंध में कहा गया कि वह अन्य स्थानों पर लोगों से मिलने गया था, जिसकी जानकारी मोबाइल लोकेशन एवं सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की कि पुलिस संबंधित मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रेस कर निष्पक्ष जांच करे। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि यदि जांच में उनके पक्ष के लोग दोषी पाए जाते हैं तो पुलिस नियमानुसार कठोर कार्रवाई करे लेकिन यदि मामला झूठा साबित होता है तो झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी अक्षय बेस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**इनका कहना**

ग्रामीणों द्वारा दिया गया ज्ञापन प्राप्त हुआ है। मामले में लगाए गए आरोपों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच की जाएगी। जांच के आधार पर जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अक्षय बेस**
**थाना प्रभारी सुसनेर**



## मुक्तिधाम को बना रहे हैं हराभरा, दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सारंगपुर।** नगर के समीप जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत शेरपुरा अंतर्गत ग्राम डिंगलपुर का मुक्तिधाम अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिसाल बनता जा रहा है। यहां के नारायण सिंह मालवीय पिछले दो-तीन वर्षों से मुक्तिधाम को हराभरा और व्यवस्थित बनाने में जुटे हुए हैं। उनके प्रयासों से मुक्तिधाम में लगाए गए पौधे अब पेडों का रूप लेने लगे हैं। नारायण सिंह मालवीय ने मुक्तिधाम की ऊबड-खाबड जमीन को समतल करवाकर यहां विभिन्ना प्रजातियों के लगभग 100 पौधे लगाए हैं। भीषण गर्मी और पानी की कमी के बावजूद वे प्रतिदिन टैंकर मंगवाकर नली के माध्यम से पौधों की सिंचाई कर रहे हैं और उनकी नियमित देखरेख भी कर रहे हैं। पौधों को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए वे लगातार निगरानी भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं होता, उनकी देखभाल भी जरूरी है। कई बार देखरेख के अभाव में पौधे सूख जाते हैं, लेकिन यहां ऐसा नहीं होने दिया जा रहा। मुक्तिधाम अब धीरे-धीरे हरे-भरे स्वरूप में नजर आने लगा है, जिससे भविष्य में अंतिम यात्रा में आने वाले लोगों को छांव मिल सकेगी।

## रेल्वे कर्मचारी मांझी और ठाकुर जबलपुर में में हुए सम्मानित



**महिदपुर रोड।** नगर के कोटा मंडल के अंतिम बड़े स्टेशन महिदपुर रोड रेल्वे स्टेशन के इंजीनियरिंग विभाग में की-मैन पद पर पदस्थ ट्रेक मेन श्याम मांझी दुपेंद्र सिंह ठाकुर को उनके उत्कृष्ट एवं सतर्क कार्य के लिये पश्चिम मध्य रेल्वे के महा प्रबं धक दिलीप कुमार सिंह ने जबलपुर में उनके ड्यूटी के दौरान असाधा रण सतर्कता तथा त्वरित निर्णय से संभावित रेल्वे दुर्घटना रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर देकर रोकने पर उत्कृष्ट सुरक्षा जागरूकता पुरस्कार (प्रशंसा पत्र एवं अवार्ड) देकर सम्मानित किया। दोनों ट्रेक मेन रेल्वे कर्मचारियों ने, बीते दिनों ड्यूटी के दौरान मुंबई दिल्ली रेलवे ट्रैक की रेल्वे पटरी में फ्रैक्चर (ट्रैक क्रैक) देखा। उन्होंने त त्काल सूझबूझ दिखाते हुए समय प र प्रोटेक्शन किया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। उनकी सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से सं भावित रेल दुर्घटना टल गई।

सारंगपुर मंडी में विकास कार्यों का भूमिपूजन आज:

## 1.45 करोड की लागत से होंगे विभिन्न कार्य, राज्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन




**सारंगपुर।** सारंगपुर कृषि उपज मंडी में आज विकास कार्यो की उपलब्धि मिलेगी। मंडी प्रांगण में विभिन्ना निर्माण कार्यों का भव्य भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मंडी सचिव ने बताया कि आज परिसर में कुल एक करोड पैंतालीस लाख रुपये की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिसमें ट्रॉली शेड का निर्माण, डामरीकरण, पानी की टंकी की स्थापना, सीसी रोड का निर्माण, मंडी परिसर का विद्युतीकरण होगा। उन्होंने बताया कि सुबह 10:00 बजे अकोदिया रोड स्थित मुख्य मंडी प्रांगण में कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल रहेंगे और अध्यक्षता सांसद रोडमल नागर करेंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर, नपाध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद उपस्थित रहेंगे।

## कक्षा 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में स्तुति जैन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**महिदपुर रोड।** केंद्रीय माध्य मिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं के बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में नगर जैन समाज के वरिष्ठ समाज सेवी क्षैत्र के विधायक दिनेश जैन बोस के भतीजे अजीत जैन की सुपुत्री स्तुति जैन ने वाणिज्य संकाय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की स्तुति जैन आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल नागदा में अध्यनरत थी स्तुति जैन की सफलता पर दोस्तों परि जनों तथा नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया स्तुति जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मम्मी पापा और स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया।

## जनपद पंचायत महिदपुर की सीईओ मीना झा का हुआ ट्रांसफर

**महिदपुर।** जनपद पंचायत महिदपुर की सीईओ मीना झा का ट्रांसफर देर रात मध्यप्रदेश शासन ने किया। मीना झा लंबे समय से जनपद पंचायत महिदपुर में पदस्थ थी। अब इनकी जगह डां मारीषा शिंदे महिदपुर जनपद सीईओ होगी ।

# अमरनाथ: बाबा बर्फानी 12 ज्योर्तिलिंगों से भी खास है



अमरनाथ में भगवान शिव को बाबा बर्फानी के रूप में पूजा जाता है। जोकि आस्था और मोक्ष का अनूठा केंद्र है। ऐसे में आज हम आपको बाबा बर्फानी के महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यहां पर मौजूद कबूतरों के रहस्य के बारे में भी जानेंगे।



हिंदू धर्म में 12 ज्योतिर्लिगों के दर्शन करने का विशेष महत्व बताया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 12 ज्योतिर्लिगों में शामिल न होने के बाद भी अमरनाथ में स्थापित शिवलिंग के दर्शन का विशेष महत्व होता है। अमरनाथ में भगवान शिव को बाबा बफार्नी के रूप में पूजा जाता है। जोकि आस्था और मोक्ष का अनूठा केंद्र है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बाबा बफार्नी के महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यहां पर मौजूद कबूतरों के रहस्य के बारे में भी जानेंगे।

## अमरेश्वर शिवलिंग का महत्व

बाबा बफार्नी 12 ज्योतिलिंर्गों में शामिल न होकर इसलिए भी खास है, क्योंकि यह स्वयंभू हिमलिंग है। जहां पर ज्योतिर्लिंग स्थापित किए जाते हैं, वहीं अमरनाथ गुफा में शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बर्फ की बूंदों से बनता है। यह बूंद गुफा की छत से टपकती है। यह शिवलिंग चंद्रमा की कलाओं के साथ घटता और बढ़ता रहता है। यह शिवलिंग सावन महीने में प्रकट होता है और सावन पूर्णिमा यानी रक्षाबंधन तक रहता है। धार्मिक मत है कि बाबा बफार्नी के दर्शन करने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## क्यों पवित्र मानी जाती है ये गुफा

अमरनाथ गुफा को बेहद पवित्र और पावन मानी जाती है। क्योंकि यह वही स्थान है, जहां पर भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। इस कारण इसको 'अमरनाथ' कहा जाता है और इस स्थान को मोक्ष की प्राप्ति के लिए भी परम पवित्र मानी जाती है। इस गुफा की एक खासियत यह भी है कि यहां मुख्य शिवलिंग के साथ गुफा में मां पार्वती और भगवान गणेश के भी हिमखंड प्राकृतिक रूप में निर्मित होते हैं। पौराणिक कथा के मुताबिक जब महादेव मां पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे, तो इस दौरान कबूतर के जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और वह अमर हो गए। जब यह बात भगवान शिव को पता चली तो वह क्रोधित हुए। वहीं बाद में महादेव ने उन कबूतरों को शिव-पार्वती के प्रतीक के रूप में हमेशा गुफा में रहने का वरदान दिया। माना जाता है कि जिस भी भक्त को इस गुफा में दो कबूतर दिखते हैं, वह बेहद भाग्यशाली होते हैं।

# कर्नाटक का वो अद्भुत मंदिर जिसका है रामायण से नाता

## दर्शन देती है भगवान शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा



भारत मंदिरों का देश है और हमारे देश में कई ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं। जिनका संबंध या तो किसी दूसरे युग से है या फिर उनका इतिहास हजारों साल पुराना है। आज हम आपको ऐसे एक ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका इतिहास रामायण काल से जुड़ा है। इसका संबंध दशानन रावण से है। यह मंदिर कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में स्थित है। जोकि तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। समुद्र तट पर स्थित होने की वजह से इस मंदिर के आसपास का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है। दरअसल, हम यहां पर बात कर रहे हैं मुरुदेश्वर मंदिर की, जोकि भगवान शिव को समर्पित है। मुरुदेश्वर भगवान शिव का एक नाम है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसको परिसर में भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति स्थापित है। जिसको दुनिया की दूसरी सबसे विशाल और ऊंची शिव प्रतिमा माना जाता है। शहर को पहले मृदेश्वर के नाम से जाना जाता था। हालांकि बाद में मंदिर के निर्माण के बाद इसका नाम बदलकर मुरुदेश्वर कर दिया गया था।

भगवान शिव की स्थापित यहां विशाल मूर्ति की ऊंचाई करीब 123 फुट है। इसको इस तरह से बनाया गया है कि सूर्य की किरणें इस पर दिनभर पड़ती हैं। मूर्ति चांदी के रंग में कुछ इस तरह रंगी है कि सूर्य की किरण पड़ते ही यह मूर्ति विशाल रूप में प्रतीत होती है। यह शिव प्रतिमा इतनी विशाल और ऊंची और दूर से देखी जा सकती है।


# अब 'पंचगव्य' के बिना नहीं मिलेगी इंट्री

अक्षय तृतीया के पर्व से चारधाम यात्रा 2026 की शुरूआत हो चुकी है। इस यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इन दिनों उत्तराखंड की पवित्र धरती पर भक्तों का सैलाब उमड़ चुका है। गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खलते ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में अगर आप भी इस बार चारधाम यात्रा पर जाने का मन बना रही हैं, तो आपको गंगोत्री धाम से जुड़ी यह जानकारी जरूर होनी चाहिए। बता दें कि इस बार नियम में कुछ बदलाव हुए हैं। खासतौर पर पंचगव्य से जुड़ा नियम इस बार काफी चर्चा में है। ऐसे में बिना पूरी जानकारी के इस यात्रा पर निकलना सही नहीं होगा। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस बार कौन से नए नियम लागू किए गए हैं। बता दें कि गंगोत्री मंदिर की देखरेख करने वाली श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति द्वारा यह फैसला लिया गया है। जिसमें बताया गया है कि मंदिर में प्रवेश करने वाले भक्तों को पंचगव्य लेना होगा। तो आइए जानते हैं कि इसको कैसे लेना है।

जो लोग सनातन धर्म की परंपराओं को मानते हैं, उनके लिए पंचगव्य का नियम रखा जा रहा है। इसके अलावा सिख, बौद्ध और जैन धर्म को भी सनातन परंपरा से जुड़ा माना जाता है, इसलिए उनके लिए अलग से किसी रोक की बात नहीं कही गई है।

**मंदिर समिति की ऑफिशियल जानकारी पर ही भरोसा करें**

चारधाम यात्रा में सिर्फ गंगोत्री ही नहीं बल्कि यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम भी शामिल हैं। लेकिन अभी पंचगव्य का नियम सिर्फ गंगोत्री धाम में प्रवेश के लिए लागू किया गया है। हालांकि इस तरह के नियमों पर यमुनोत्री धाम भी विचार कर रही है। वहीं केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम मंदिर समिति द्वारा पहले से ही गैर हिंदुओं के प्रवेश को लेकर सख्त प्रस्ताव पास किया गया है।






# सात्विक-चिराग की जोड़ी का विजयी आगाज

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। उन्होंने पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दे दी। 2024 की चैंपियन और विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट चला रोमांचक मुकाबला 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा।

पुरुषों के युगल वर्ग के पहले दौर में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की सातवीं वरीय जोड़ी को चीनी ताइपे के चेन जी रे और लिन यू चीह के खिलाफ 18-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा को लिन चिह चुन और यांग चू युन की चीनी ताइपे की जोड़ी से 9-21, 11-21 से हार झेलनी पड़ी। पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को हराया। मिश्रित युगल में एम जगलान और एल जगलान की जोड़ी चीनी ताइपे के त्साई फू चेंग और सुंग यू ह्सुआन से हारी जबकि महिला एकल में थाईलैंड की वाई केटकलिएंग ने भारत की ए शाहापुरकर को शिकस्त दी।

# उम्रदराज सोराना ने चार दिन में दो ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पटका

## यानिक सिनेर ने बराबर किया नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ रोम

जिस उम्र में खिलाड़ी खेल को अलविदा कहने के बारे में सोचते हैं, उस उम्र में सोराना क्रिस्टी चार दिन में दो ग्रैंड स्लैम चैंपियनों को उलटफेर का शिकार बनाकर पहली बार इटैलियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रोमानिया की 36 वर्षीय खिलाड़ी ने उम्र को धता बताते हुए मंगलवार को यहां लात्विया की येलेना ओस्टापेंको को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दे दी। अब उनका सामना मीरा एंद्रीवा और कोको गफ के बीच होने वाले क्वार्टर की विजेता से होगा।



इस तरह क्रिस्टी ने पिछले 10 में से आठ मुकाबलों में जीत दर्ज की है। 26वीं वरीय क्रिस्टी ने 22वीं वरीय येलेना को 6-1, 7-6 से हराया। क्रिस्टी ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

इससे पहले क्रिस्टी ने शीर्ष वरीय और नंबर एक खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका को तीसरे दौर में हराया था। उन्होंने तीन ग्रैंड स्लैम विजेता सबालेंका को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शिकस्त दी थी। क्रिस्टी ने घोषणा की थी कि यह टूर पर उनका आखिरी साल होगा। पर अपनी शानदार लय देखते हुए उन्होंने कहा है कि अगर यहां खिताब जीता तो उन्हें फैसले पर फिर सोचना पड़ेगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने मंगलवार को इटैलियन ओपन में हमवतन आंद्रेआ पेलेग्रिनो को हराकर दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

## शुरूआती टीम में मेसी भी

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेसी उन 55 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सोमवार को अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले फीफा फुटबॉल विश्व कप के लिए अर्जेंटीना की शुरूआती टीम में चुना गया है। 38 वर्षीय मेसी उस आक्रमण पंक्ति की अगुवाई करेंगे, जिसमें स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज, फॉरवर्ड जूलियन अल्वारेज और सैंटियागो कास्त्रो भी शामिल हैं।

# गुजरात टाइटंस की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा और जेसन होल्डर की कहर बरपाती गेंदों के सामने सनराइजर्स हैदराबाद मंगलवार को चारों खाने चित हो गई। लड़ाई नंबर एक की कुर्सी के लिए थी तो गुजरात टाइटंस ने हैदराबाद को 82 रन से रौंदकर इस पर कब्जा कर लिया। गुजरात की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। वहीं, हैदराबाद अपने सबसे कम स्कोर पर ढेर हो गई। इससे पहले गुजरात ने जयपुर में राजस्थान को 77 रन से धोया था। लगातार पांचवीं जीत से गुजरात ने प्लेऑफ का दावा भी पुख्ता कर लिया है।

हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला उलटा पड़ गया। सुदर्शन और सुंदर ने जिस धीमी पिच पर शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलकर गुजरात को पांच विकेट 168 तक पहुंचाया। हैदराबाद के दोनों विस्फोटक ओपनरों में ट्रेविस हेड खाता भी नहीं खोल पाए। सिराज ने पहले ही ओवर में उन्हें संधु के हाथों कैच करवा दिया। अगले ओवर में अभिषेक को भी चलता कर दिया। इन झटकों से हैदराबाद की टीम उबर नहीं पाई और ओवर में 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले 2019 में हैदराबाद में मुंबई के खिलाफ 96 रन पर आउट हुई थी।

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931 पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30) नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें 9977140280

## न्यूज कॉलम

### ईमानदार महिला पुलिसकर्मियों ने आभूषण से भरा पर्स उसके सहित मालिक को सौंपा



**इंदौर।** आईटी पार्क चौराहे पर उस वक्त इंसानियत और ईमानदारी की मिसाल देखने को मिली, जब एक लावारिस पर्स मिलने के बाद पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए पूरा सामान उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचा दिया। जानकारी के मुताबिक पर्स में सोने के कान के आभूषण, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का कमरबंद, दो मोबाइल फोन और नगदी रखी हुई थी। पर्स मिलने के बाद महिला पुलिसकर्मियों ने उसमें मौजूद आईडी कार्ड के जरिए संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया। जांच में पता चला कि दंपती पिथमपुर निवासी हैं और उस समय उनकी लोकेशन राऊ क्षेत्र में थी। इसके बाद उन्हें आईटी पार्क बुलाया गया और मोबाइल का पासवर्ड खुलवाकर तथा पर्स में रखे सामान की जानकारी पूछी गई। दंपती द्वारा बताई गई सभी जानकारी सही पाए जाने पर महिला आरक्षक टोनिका मौर्य, महिला आरक्षक संध्या पोरवाल और महिला आरक्षक आरती वसुनिया ने पूरा सामान सुरक्षित रूप से उन्हें सुपुर्द कर दिया। अपना कीमती सामान वापस मिलने पर दंपती ने पुलिसकर्मियों का आभार जताया। वहीं महिला पुलिसकर्मियों की ईमानदारी और तत्परता की इलाके में जमकर सराहना हो रही है।

### दिनदहाड़े ऑफिस में बैठे कारोबारी को पहले रॉड से पीटा फिर पैर में घोंपा चाकू

**इंदौर।** जेल रोड स्थित चाइना टाउन मार्केट में बुधवार सुबह एक व्यापारी पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले लोहे की रॉड से हमला किया और फिर पैर में चाकू मारकर मौके से फरार हो गए। घायल व्यापारी को आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। एमजी रोड थाना पुलिस के मुताबिक घायल व्यापारी आनंद पुत्र रामचंद्र विशपुते निवासी स्कीम-114 हैं। उन्हें उनके परिचित इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आनंद के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल के साथी अजय ने बताया कि आनंद का पंखे और एयर कंडीशन का कारोबार है। चाइना टाउन मार्केट में उनका ऑफिस है। बुधवार सुबह वह ऑफिस पहुंचे और मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि एक बदमाश ने पीछे से लोहे की रॉड से हमला किया। आनंद बचने के लिए खड़े हुए तो उनके कंधे और सिर पर चोट लगी। इसके बाद दूसरे बदमाश ने उनके पैर पर चाकू से वार कर दिया। आनंद के शोर मचाने पर दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस को इलाके के सीसीटीवी कैमरों में दोनों बदमाश बाइक से आते-जाते दिखाई दिए हैं। एमजी रोड थाना पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

### पिता की नाराजगी से टूटे युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली



**इंदौर।** खाद्य और उर्वरक कंपनी में काम करने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इलाज के दौरान बुधवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ससुराल पक्ष से विवाद के बाद पिता उससे नाराज चल रहे थे और बात नहीं कर रहे थे। भंवरकुआ थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विशाल (35) पुत्र अर्जुन गेहलोत निवासी एकता नगर के रूप में हुई है। जहर खाने के बाद उसे पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि विशाल की पत्नी राजस्थान के भवानी मंडी स्थित मायके में है। करीब पांच दिन पहले उसके यहां बेटे का जन्म हुआ था। डिलीवरी को लेकर लगभग 15 दिन पहले विशाल की ससुराल पक्ष से कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान विशाल ने अपशब्द कह दिए थे, जिससे उसके पिता अर्जुन गेहलोत नाराज हो गए थे। बताया जा रहा है कि विशाल पिछले 15 दिनों से पिता से संपर्क करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वे उसका फोन रिसीव नहीं कर रहे थे। विशाल ने उन्हें मैसेज भी किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इससे परेशान होकर उसने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। दोस्तों ने घटना की जानकारी विशाल के पिता को दी थी, लेकिन पहले उन्होंने इंदौर आने से इनकार कर दिया। बाद में वे इंदौर पहुंचे। परिवार में विशाल का एक बड़ा भाई भी है, जो नागदा में रहता है। उसके पिता मकान ठेकेदारी का काम करते हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की मौत के मामलों से फैली सनसनी

**इंदौर।** इंदौर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की मौत के मामलों से सनसनी फैल गई। तुकोगंज में एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर जान दे दी, जबकि आजाद नगर में महिला ने फांसी लगा ली। वहीं हीरानगर इलाके में एक टैंकर ड्राइवर संदिग्ध हालत में मृत मिला। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तुकोगंज थाना पुलिस के मुताबिक लाला का बगीचा निवासी रामकिशन (50) पुत्र हरिशंकर गणावत सोमवार रात गंभीर रूप से झुलसी हालत में एमवाय अस्पताल लाए गए थे। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रामकिशन ने पहले अपने तीनों बच्चों को खाना खिलाया और पत्नी से नहाने का कहकर नीचे के कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उन्होंने खुद को आग लगा ली। बताया जा रहा है कि काम पर नहीं जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रामकिशन पेशे से पेंटर थे, लेकिन काफी समय से काम नहीं कर रहे थे। उनकी पत्नी कपड़े की दुकान पर नौकरी करती थी और परिवार की जिम्मेदारी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।

**महिला ने घर में लगाई फांसी-** आजाद नगर क्षेत्र के मूसाखेड़ी में रहने वाली कृष्णाबाई (30) पत्नी छोटू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह किराए के मकान में रहती थी। परिचित पंकज के मुताबिक कृष्णाबाई और उसका पति छोटू डेली कॉलेज में सफाई और अन्य काम करते थे। दोनों करीब छह महीने पहले ही यहां रहने आए थे। छोटू तीन दिन पहले अपने गांव गया हुआ था। मंगलवार रात आसपास के लोगों ने कृष्णाबाई को फंदे पर लटका देखा। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। महिला के दो बच्चे हैं, जो गांव में रहते हैं।

**टैंकर ड्राइवर संदिग्ध हालत में मृत मिला-** हीरानगर थाना क्षेत्र के काशीपुरी निवासी अशोक पुत्र नवल रघुवंशी मंगलवार को अपने घर में मृत मिले। वह पार्षद चिंटू चौकसे का टैंकर चलाते थे। प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि अशोक शराब पीने के आदी थे। हालांकि पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम कराया है। परिवार में पत्नी और एक बेटा है, जो निरंजनपुर में अलग रहते थे। बताया जा रहा है कि शराब पीने की बात को लेकर परिवार में विवाद होता था।

---

होटल और आइसक्रीम पार्लर में नामी कंपनी के उत्पाद भी शामिल, अधिकांश लोग नहीं जानते अंतर

# आइसक्रीम के नाम पर खुले आम बिक रहा घातक फ्रोजन डेजर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

गर्मी के आते ही बाजारों में आइसक्रीम, कुल्फी और ठंडे डेजर्ट की बिक्री तेजी से बढ़ गई है। बच्चे हों या बड़े, हर कोई राहत पाने के लिए ठंडी चीजों की ओर आकर्षित हो रहा है। इस बढ़ती मांग में लोगों को आइसक्रीम के नाम पर फ्रोजन डेजर्ट दिया जा रहा है।

अधिकांश उपभोक्ताओं को जानकारी ही नहीं है। लोग इसे आइसक्रीम समझकर खा रहे हैं। नामी कंपनी के उत्पाद भी आइसक्रीम की जगह फ्रोजन डेजर्ट दे रहे हैं जिसका धड़ल्ले से होटलों और आइसक्रीम पार्लर पर विक्रय किया जा रहा है। गर्मी की शुरूआत होते ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शीतल पेय पदार्थ और आइसक्रीम कुल्फी खाते हैं।



विवाह आदि समारोह में भी भोजन के बाद आइसक्रीम का चलन देखा जाता है। पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आइसक्रीम को लेकर की गई कार्रवाई में यह बात सामने आई है कि अधिकांश होटल और पार्लर में दी जाने वाली आइसक्रीम सिर्फ नाम है जबकि लोगों को फोजन डेजर्ट खिलाया जा रहा है। बाजार में बिकने वाले कई उत्पाद देखने, स्वाद और पैकिंग में आइसक्रीम जैसे ही हैं, लेकिन उन्हें बनाने में दूध की वसा की जगह वनस्पति तेलों का इस्तेमाल किया जाता है। यही कारण है कि खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुसार ऐसे उत्पादों को आइसक्रीम नहीं बल्कि फोजन डेजर्ट कहा जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी के अनुसार असली आइसक्रीम दूध, क्रीम और डेयरी फैट से तैयार की जाती है। इसमें कम से कम 10 प्रतिशत मिल्क फैट होना जरूरी होता है। डेयरी वसा के कारण इसकी बनावट अधिक मलाईदार और स्वाद प्राकृतिक होता है। दूसरी ओर फोजन डेजर्ट में पाम ऑयल, वेजिटेबल ऑयल और हाइड्रोजनीकृत वसा का उपयोग किया जाता है। इसके निर्माण में कृत्रिम फ्लेवर, शुगर और मिल्क पाउडर का उपयोग भी किया जाता है। कम लागत के कारण कंपनियां फ्रोजन डेजर्ट का उत्पादन ज्यादा करती हैं और बाजार में इसकी बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है।

#### आइसक्रीम नहीं बल्कि फोजन डेजर्ट

खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वामी का कहना है कि खरीदारी करते समय उपभोक्ताओं को पैक पर लिखी जानकारी ध्यान से पढ़नी चाहिए। यदि सामग्री में वेजिटेबल आईल, पाम ऑयल या वेजिटेबल फेट लिखा हो, तो समझना चाहिए कि वह आइसक्रीम नहीं बल्कि फोजन डेजर्ट है। अच्छी गुणवत्ता वाले ब्रांड चुनना और घर पर प्राकृतिक सामग्री से आइसक्रीम बनाना बेहतर विकल्प माना जाता है। कई नामी कंपनी भी आइसक्रीम के साथ फ्रोजन डेजर्ट भी बाजार में उपलब्ध करा रही है। कम दाम से लोग इसकी ओर आकर्षित होते हैं और अनजाने में ही अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर बैठते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी में ठंडी चीजें सीमित मात्रा में ही खानी चाहिए। यदि आइसक्रीम खानी हो तो विश्वसनीय ब्रांड चुनें और पैक पर लिखी जानकारी अवश्य पढ़ें। घर पर प्राकृतिक सामग्री से बनी आइसक्रीम स्वास्थ्य के लिहाज से ज्यादा सुरक्षित और बेहतर विकल्प मानी जाती है। गुणवत्ता वाली आइसक्रीम दूध और क्रीम से बनती है, इसमें डेयरी फैट मौजूद रहता है।

---

रेड स्पॉट पर सख्ती, स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले एक्शन में महापौर

# सड़क पर उतरकर अधिकारियों को लगाई फटकार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव एक्शन मोड में नजर आए। बिना किसी पूर्व सूचना के उन्होंने विधानसभा-4 क्षेत्र में साफ-सफाई और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। जहां अव्यवस्थाएं मिलीं, वहां अधिकारियों को फटकार लगाई और रेड स्पॉट खत्म नहीं होने पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर के अचानक मैदान में उतरने से संबंधित विभागों में हड़कंप मच गया। महापौर लोधीपुरा इलाके में पहुंचे, जहां सड़क पर फैले निर्माण मलबे और लंबे समय से अधूरे पड़े डेवलपमेंट कार्यों को देखकर उन्होंने जोनल अधिकारी और सीएसआई को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएंडडी वेस्ट का तत्काल निष्पादन किया जाए और सभी लंबित काम तय समय सीमा में पूरे हों।

**तरण पुष्कर पहुंचकर तैराकों से की चर्चा-** इसके बाद महापौर तरण पुष्कर पहुंचे। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में लोग यहां तैराकी के लिए आते हैं। महापौर ने युवाओं और तैराकों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और समस्याएं सुनीं। तैराकों ने शुल्क व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए, जिस पर महापौर ने कहा कि पूल के रखरखाव, जल शुद्धिकरण और अन्य सुविधाओं पर लगातार खर्च होता है। हालांकि लोगों की सुविधा को देखते हुए छह महीने की अनिवार्यता खत्म कर तीन-तीन महीने में शुल्क जमा करने की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों को भी लोगों को बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए गए।



**सब्जी मंडी में लोगों से कहा- घर से झोला लेकर आएं-** महापौर ने राजमोहल्ला और इतवारिया बाजार स्थित सब्जी मंडियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों और लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने की अपील करते हुए प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कपड़े या जूट के झोले का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

#### औचक निरीक्षण जारी रहेंगे

दुकानों के बाहर गुटखा और तंबाकू थूकने से बने रेड स्पॉट पर महापौर ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने दुकानदारों को साफ कहा कि दुकानों के सामने किसी भी हालत में रेड स्पॉट नहीं बनने चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सहयोग नहीं मिलने पर चालानी कार्रवाई की जाए। महापौर ने मुकेरीपुरा इलाके का भी दौरा कर साफ-सफाई, ट्रैफिक और जनसुविधाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। रेड स्पॉट मुक्त और प्लास्टिक मुक्त इंदौर के लिए जनता, व्यापारी और प्रशासन सभी को मिलकर काम करना होगा।

---

गार्डन-सर्विस सेंटर पर ट्रीटेड वॉटर जरूरी

## जलसंकट के चलते नगर निगम सख्त, नर्मदा व बोरिंग जल पर रोक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने सख्त कदम उठाए हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने शहर में जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों, ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटरों और गार्डनों में ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

नगर निगम ने सभी बिल्डिंग ऑफिसर, बिल्डिंग इंस्पेक्टर और जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित हाइड्रेंट के जरिए ट्रीटेड पानी का पुनः उपयोग कराएं। साथ ही निजी व्यक्ति और संस्थाएं भी संबंधित जोनल कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी ले सकेंगी और उसका उपयोग निर्माण कार्य, सर्विस सेंटर और गार्डन में कर सकेंगी। नगर निगम के अनुसार शहर में विभिन्न स्थानों पर 35 ट्रीटेड वॉटर हाइड्रेंट स्थापित किए गए हैं। सिरपुर एसटीपी के रीयूज नेटवर्क के तहत पश्चिम क्षेत्र के जोन 14, 15, 16 और 21 में आई माता मंदिर, अहिल्या उद्यान, स्कीम नंबर-71, दस्तूर गार्डन रोड, गुमाश्ता नगर शासकीय क्वार्टर, विश्राम बाग सर्विस रोड और उषा नगर गार्डन सहित कई स्थानों पर हाइड्रेंट शुरू कर दिए गए हैं।

इन हाइड्रेंट से उद्यान विभाग के टैंकर और जेटिंग मशीनें पानी भर सकेंगी। ट्रीटेड पानी लेने का समय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। नगर निगम ने सार्वजनिक सूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों और सर्विस सेंटरों में नर्मदा या बोरिंग के पानी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

---

### हुलिया बदलकर छिपे आरोपी को क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हत्या के बाद इंदौर में हुलिया बदलकर फरारी काट रहे आरोपी को इंदौर क्राइम ब्रांच और महाराष्ट्र पुलिस ने समन्वय कर पकड़ लिया। वह इंदौर में छिपा हुआ था और फरारी काट रहा था।

मिली जानकारी के मुताबिक 9 मई को अडगांव जिला नासिक, महाराष्ट्र में दिन दहाड़े चाकुओं से गोदकर हत्या कर सनसनी फैलाने वाले कुख्यात बदमाश राजेंद्र उर्फ राजा को क्राइम ब्रांच इंदौर ने पकड़ा। आरोपी भेष बदलकर इंदौर में फरारी काटने के लिए आया था। थाना अडगांव की एक विशेष पुलिस टीम इंदौर क्राइम ब्रांच पहुंची। यहां टीम ने महाराष्ट्र में दर्ज घटना और फरार आरोपी की जानकारी दी और उसे पकड़ने के लिए इंदौर आने के बारे में बताया। जानकारी मिलने के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम भी एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी को ट्रेस कर उसे छोटी ग्वालटोली इलाके से पकड़ा। पकड़ाए आरोपी को नाम राजेंद्र उर्फ राजा काकवीपुरे निवासी येवला, जिला नासिक है। क्राइम ब्रांच ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी ने अपना हुलिया बदल लिया था, ताकि वह पहचान में ना आ सके। पहले उसके बाल बड़े थे, मगर बाद में उसने बाल छोटे करा लिए, जिससे उसे एकदम कोई पहचान ना सके।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com